

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 18 मई 2024 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-050 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह की जमानत याचिका खारिज

**रायपुर,18 मई.** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले में जेल में बंद शराब करोबारी होटल व्यवसायी नेहरू नगर पूर्व भिलाई निवासी त्रिलोक सिंह ढिल्लन पप्पू को राहत नहीं मिली है। रायपुर स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को ढिल्लन की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इसी केस में कल (गुरुवार) अनवर ढेबर की जमानत याचिका को भी खारिज किया गया था। करोड़ों के शराब घोटाला मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद त्रिलोक सिंह ढिल्लन (पप्पू) को कोर्ट से राहत नहीं मिली। उनकी ओर से पेश जमानत याचिका पर शुक्रवार को एसीबी-ईओडब्ल्यू विशेष न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद फैसला शाम तक के लिए सुरक्षित रखा। इसके बाद जमानत को रद्द कर दिया। इससे पहले गुरुवार को होटल कारोबारी अनवर ढेबर की जमानत भी विशेष कोर्ट रद कर चुकी है। जबकि इस केस में जेल में बंद पूर्व आबकारी अधिकारी अरुणापति त्रिपाठी पूर्व बीएसपी कर्मी अरविंद सिंह, अनवर ढेबर और त्रिलोक सिंह ढिल्लन की न्यायिक रिमांड कोर्ट ने 30 मई तक बढ़ा दी है ।

### सरकारी राशन दुकानों से हजारों क्विंटल चावल गायब

**तखतपुर,18 मई.** क्षेत्र के उचित मूल्य राशन दुकानों में चावल की कमी पाए जाने पर एसडीएम ने 11 दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. वहीं एक दुकान को निलंबित कर दिया गया है. राशन मामले में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश के बाद एसडीएम ज्योति पटेल एक्शन मोड पर हैं. उन्होंने तखतपुर ब्लॉक के शासकीय उचित मूल्य राशन दुकानों का खाद्य निरीक्षक से जांच कराया. जांच में राशन दुकान में हजारों क्विंटल चावल की कमी पाई गई थी. इस मामले की गंभीरता को देखते हुए 11 शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. वहीं एक दुकान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है. श्याम वस्त्रकार खाद्य निरीक्षक तखतपुर ने बताया 11 दुकान संचालकों से एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया है. संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी.

### सीएम केजरीवाल के घर अचानक पहुंचे राघव चड्ढा

**नई दिल्ली,18 मई.** स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट के विवाद के बीच आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर पहुंचे। चड्ढा की ब्रिटेन में आंख की



सर्जरी हुई थी और वह लंबे समय तक बाहर थे। उनकी अनुपस्थिति पर भी सवाल उठे थे, लेकिन पार्टी ने कहा था कि वह ठीक होते ही वापस आ जायेंगे। पिछले महीने, दिल्ली के एक मंत्री ने खुलासा किया था कि चड्ढा को आंखों की गंभीर बीमारी हो गई है, जिससे अंधापन हो सकता है, जिसके लिए उन्हें विदेश में इलाज कराना होगा। गौरतलब है कि मालीवाल ने आरोप लगया है कि वह सीएम केजरीवाल के घर वह जब गईं तो वहां बिभव ने उन्हें खूब मारा-पीटा। वहीं अब सीएम केजरीवाल के पीए बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल पर काउंटर केस कर दिया है।



# प्रेमिका के परिवार के पांच सदस्यों की बेरहमी से हत्या

## खौफनाक वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने की खुदकुशी

**सारंगढ़-बिलाईगढ़,18 मई.** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ जिले से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. थरगांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की हथौड़ा और टंगिया से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई. इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद को फांसी के फंदे से लटका लिया. इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. वहीं पुलिस के आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हुए हैं. मिली जानकारी के अनुसार, महासमुंद जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर स्थित सलीहा थाना क्षेत्र के ग्राम थरगांव (चादंन) में एक ही परिवार के 5 लोगों की एक आरोपी ने हत्या कर दी. उसके बाद हथियारे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. इस हत्याकांड में मृतकों के नाम हेमलाल, जगमती, मिरा और मिरा के पुत्र सहित दो मासूम हैं. वहीं हत्यारा पप्पू टेलर पड़ोसी बताया जा रहा है.सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के एसपी पुष्कर शर्मा ने इस मामले की पुष्टि की है. साथ ही उन्होंने बताया कि पुलिस बल को मौके पर रवाना किया गया है. इस मामले में जांच के बाद ही ज्यादा जानकारी मिल पाएगी.

ग्रामीण कह रहे है कि हत्यारा आरोपी मृतक के परिवार की एक युवती से प्रेम करता था। युवती की शादी कहीं और तय हो जाने से वो नाराज चल रहा था। कहा ये भी जा रहा है कि शायद बदला लेने की नियत से आरोपी ने परिवार के पांच लोगों की हत्या की।

# पटनायक सरकार से जनता परेशान: साव

**रायपुर,18 मई**

ओडिशा में आज चुनावी शोरगुल थम जाएगा. ओडिशा से लौटे उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, 24 साल से नवीन पटनायक की सरकार है, लेकिन ओडिशा की जनता परेशान है. चारों ओर भ्रष्टाचार का वातावरण है. लोग काम की तलाश में दूसरे राज्यों में जा रहे हैं. माता बहनों की सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है इसलिए ओडिशा की जनता इस बार परिवर्तन चाह रही है. डिप्टी सीएम साव ने कहा, छत्तीसगढ़ की योजनाओं की चर्चा ओडिशा में निचले स्तर तक हो रही है. ओडिशा में भाजपा की सरकार बनने वाली है. छत्तीसगढ़ की योजनाओं का ओडिशा में चर्चा को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, ओडिशा हमारा पड़ोसी राज्य है, यहां छत्तीसगढ़ की योजनाओं की चर्चा बहुत है.

आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल घटना पर अरुण साव ने कहा, अभी हमने देखा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में किस तरह से एक बेटी के साथ अपमानजनक व्यवहार हुआ. अब केजरीवाल के निवास पर राज्यसभा के सांसद जैसे सम्माननीय पद को धारण करने वाली बेटे के साथ अपमानजनक स्थिति हुई है. यह ये बताता है कि इंडी गठबंधन वाले लोग माताओं बहनों का कितना सम्मान करते हैं. चाहे राधिका खेड़ा की बात हो या स्वाति मालीवाल, पार्टी ही इनके साथ खड़े नहीं होती. ये अत्यंत दुर्भाग्य जनक है. स्वाति



मालीवल जी के साथ आप पार्टी षड्यंत्र कर रही है. कांग्रेस के वनवासी कल्याण आश्रम को भाजपा की शरणस्थली बताने पर डिप्टी सीएम साव ने कहा, ये कांग्रेस की मानसिक स्थिति को दशार्ता है. पांच साल में कुछ नहीं दिखा. पांच साल में नक्सलियों को पाला पोसा. अब कांग्रेस सत्ता से बाहर है. अब करवाई हो रही तो दर्द हो रहा है. ये नक्सलियों से कांग्रेस के संबंध को दशार्ता है. भाजपा के वास्तुदोष वाले पोस्टर पर डिप्टी सीएम साव ने कहा, जब से कांग्रेस पार्टी को जनता ने अपदस्थ किया है, शासन से कांग्रेस के नेता अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं. चाहे वो नक्सलवाद या अन्य विषय हो. लोकसभा चुनाव में भी करारी शिकस्त कांग्रेस को मिलने वाली है. जिस तरह की बयानबाजी कांग्रेस कर रही है ये इनके मस्तिष्क दोष की दिशा में संकेत करता है. छत्तीसगढ़ में योजनाओं का नाम बदलने पर अब बवाल मचा है.राजीव गांधी भूमिहीन मजदूर योजना का नाम बदलकर दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर रखा. इस पर कांग्रेस के आरोपों पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस सरकार ने 5 साल में नाम बदलने के अलावा कोई काम नहीं किया. भाजपा सरकार की सभी योजनाओं का नाम बदलकर चलाया. हमारी सरकार अच्छा काम कर रही है तो वे बयानबाजी कर रहे हैं.

### मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा,18 मई.** छत्तीसगढ़ के सुकमा में टेटराई तोलनाई के जंगल में आज सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सली सामाग्री भी बरामद की है। मामले की जानकारी देते हुए सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि नक्सलियों की एक पार्टी जंगल मे मौजूद है। जिसके बाद पुलिस को तोलनाई एवं टेटराई के बीच जंगल पहाड़ी में भेजा गया।

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

**नई दिल्ली ,18 मई** । नई दिल्ली के थाना कश्मीरी गेट इलाके में एक भीषण दुर्घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई।

# उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने 10वीं की परीक्षा पास करने वाले पूर्व नक्सली युवा को वीडियो कॉल कर दी बधाई



**रायपुर, 18 मई**

उप-मुख्यमंत्री व गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने आज वीडियो कॉल कर कबीरधाम के उस युवा लिवरु उर्फ दिवाकर से बात की, जो कभी 14 लाख का इनामी नक्सली था, लेकिन अब समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपना भविष्य संवारने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पुलिस के सहयोग से 10वीं की परीक्षा पास कर ली है। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बड़ी आत्मीयता के साथ लिवरु से बात की, उनकी इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा है कि हमारे जो भी भाई बहन रास्ता भटककर नक्सली गतिविधियों से जुड़े हैं वे लिवरु उर्फ दिवाकर से प्रेरणा लें और मुख्यधारा में लौटकर अपने जीवन में भी सुखद परिवर्तन लाएं। हमारी सरकार और हमारी पुलिस हर तरह से सहयोग करने को तैयार है। गौरतलब है कि दिवाकर ने महज 16 साल की उम्र में हथियार उठा लिया था। नक्सली के रूप में 17 वर्षों तक जंगल-जंगल भटकने के बाद अपनी पत्नी के साथ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था। उनकी पत्नी पर 8 लाख रुपये का इनाम था। सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आज वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर काम कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की नीति से प्रभावित होकर राज्य के नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं और समाज में अपनी एक अलग पहचान बना रहे हैं। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस बात के लिए प्रसन्नता व्यक्त की है कि कबीरधाम पुलिस की पहल और मदद से जिले के नक्सल प्रभावित गांवों के 105 छात्रों ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा पास कर ली है। श्री शर्मा ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कबीरधाम पुलिस की सराहना की है। कबीरधाम पुलिस ने जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र और अति नक्सल प्रभावित गांवों के बच्चों को शिक्षित करने और उनकी पढ़ाई लिखाई जारी रखने के लिए 200 से अधिक बच्चों को कक्षा 10वीं व 12वीं का ओपन परीक्षा का फॉर्म भरावाया था। पुलिस विभाग की कड़ी मेहनत और लगन से आज 105 विद्यार्थी परीक्षा में पास हुए हैं। ये सभी विद्यार्थी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चिल्फी, तरेगाव, रेंगाखार झलमला, बोड़ला के सुदूर वनांचल गांव के हैं।

### गिरौदपुरी जैतखाम को काटने पर बवाल

**रायपुर.** गिरौदपुरी धाम की घटना को लेकर पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने प्रेसवार्ता ली. उन्होंने भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा सरकार ने गिरौदपुरी के साथ हमेशा खिलवाड़ किया है. भाजपा सरकार आने के बाद मेला समिति का राजनीतिकरण किया गया. मेला शुरू होने से पहले समिति की बैठक भी नहीं ली गई. असामाजिक तत्वों ने जैतखाम को काट दिया है.

# बस में आग,10 तीर्थयात्रियों की मौत

**नूंह,18 मई.** हरियाणा के नूंह में आज सुबह एक भयानक हादसा हो गया है। एक यात्री बस में 10 लोगों की जलकर मौत हो गई है और 24 लोग गंभीर रूप से झुलस गए । जिस वक्त आग लगी उस वक्त इस बस में 60 लोग सवार थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। सभी गंभीर यात्रियों को मेडिकल कॉलेज नलहड़ नूंह में भर्ती कराया गया है। सभी यात्री रिश्तेदार थे और धार्मिक यात्रा पर जा रहे थे। ये सभी लुधियाना और होशियारपुर के रहने वाले थे। यह घटना आधी रात की है। ये सभी उत्तर प्रदेश के मथुरा वृन्दावन गए थे। वे वहां से वापस लौट रहे थे। कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर यात्रा के दौरान बस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। इससे सो रहे यात्रियों को संभलने का मौका ही नहीं मिला। कुछ वीडियो में यात्रियों को जलती हुई बस से चीखते हुए सुना जा सकता था।



# स्वाति मालीवाल केस में विभव कुमार गिरफ्तार



**नई दिल्ली,18 मई.** स्वाति मालीवाल केस में विभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मुख्यमंत्री के आवास से विभव कुमार को हिरासत में लिया गया है। पुलिस को एक मेल भी विभव कुमार की तरफ से किया गया था कि उसे जानकारी मिली है कि उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। वो पुलिस को कॉपरेट करने के लिए तैयार है। इसके बाद पुलिस की टीम वहां पहुंची। विभव कुमार पर स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। पुलिस ने मालीवाल की शिकायत के आधार पर दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के पूर्व निजी सचिव और सहायक विभव कुमार पर केस दर्ज कर लिया है। दिल्ली पुलिस जिसके बाद से विभव कुमार की तलाश कर रही थी। एनसीडब्ल्यू चीफ की तरफ से उन्हें पूछताछ के लिए तलब किया गया था। लेकिन वो पेश नहीं हुए थे।

हिरासत में लेने के बाद विभव कुमार को सिविल लाइंस थाने ले जाया गया है। विभव से पूछताछ चल रही है। यह घटनाक्रम दिल्ली पुलिस द्वारा मालीवाल की शिकायत के बाद कुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने के दो दिन बाद आया है। मालीवाल ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि जब वह 13 मई को मुख्यमंत्री आवास पर गईं तो विभव कुमार ने उन्हें 7-8 बार थप्पड़ मारे और उनकी छाती और पेट पर बार-बार लातें मारीं। मालीवाल ने दावा किया कि विभव द्वारा किया गया क्रूर हमला तब भी नहीं रुका जब उसने बताया कि वह मासिक धर्म से गुजर रही है।

### झारखंड में आग लगने की घटनाओं से व्यापारियों में आक्रोश

**जमशेदपुर ,18 मई ।** झारखंड के जमशेदपुर के बर्मामाइंस इलाके में शनिवार को लगी भयावह आग ने कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। ऊंची-ऊंची लपटें और दूर तक फैले धुएं के गुब्बार को देख दमकल कर्मियों की भी सांसें थम गईं। स्थानीय लोगों ने आग लगने की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की पांच गाड़ियों को आग पर काबू पाने में तीन घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। व्यापारियों के नुकसान का आकलन नहीं हुआ है.

### तारक मेहता के गुरुचरण सिंह उर्फ 'सोढ़ी'की घर वापसी

**मुंबई,18 मई.** टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फेम एक्टर गुरुचरण सिंह उर्फ 'सोढ़ी' पिछले तीन हफ्तों से लापता थे। जो अब अपने घर लौट आए हैं। 22 अप्रैल को सोढ़ी दिल्ली में अपने घर से मुंबई के लिए निकले थे। मगर शुक्रवार की देर रात खबर आई कि गुरुचरण सिंह वापस घर लौट आए हैं. फैंस के साथ फैमिली ने राहत की सांस ली। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, गुरुचरण सिंह ने बताया कि वह धार्मिक यात्रा पर गए थे. वह दुनियादारी छोड़कर घर से निकले थे. इस दौरान उन्होंने अमृतसर, लुधियाना से लेकर कई शहरों में गुरुद्वारे में रुके। पुलिस जांच में पता चला था कि सिंह का मोबाइल फोन 22 अप्रैल की रात 9.22 बजे ही बंद हो गया था. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर, उनका अंतिम स्थान दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के डाबड़ी में पता चला था, जहां वह आईजीआई हवाई अड्डे के पास से किराए पर लिए गए ई-रिक्शा में पहुंचे थे.



### महिला पर अत्याचार का किसी को नहीं अधिकार:कांग्रेस

**कोलकाता,18 मई.** पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी ने कहा है कि स्वाति मालीवाल मारपीट मामले की कड़ी जांच होनी चाहिए और किसी को भी महिला के अधिकारों का उल्लंघन करने का अधिकार नहीं है। चौधरी ने एक प्रेस से बात करते हुए कहा कि एक गंभीर अपराध है जो नहीं होना चाहिए था। किसी भी व्यक्ति को चाहे वह मंत्री हो या नहीं, किसी महिला पर हमला करने का अधिकार नहीं है, भले ही वह सांसद, विधायक हो या नहीं इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। दोषी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए, पूछताछ की जानी चाहिए और न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) विपक्षी इंडिया गुट में भागीदार हैं और उनके बीच दिल्ली, हरियाणा और गुजरात में सीट-बंटवारे का समझौता है। रायबरेली में प्रचार के दौरान एएनआई से बात करते हुए, प्रियंका गांधी ने कहा था कि अगर कहीं भी किसी महिला के साथ कोई अत्याचार होता है, तो हम उस महिला के साथ खड़े हैं। मैं हमेशा महिलाओं के साथ खड़ी हूं - चाहे वे किसी भी पार्टी से हों।

# इंडी गठबंधन ने तय कर लिया है पीएम कैंडिडेट का नाम: उद्धव

**मुंबई,18 मई.** इंडिया गठबंधन की तरफ से कौन होगा प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार ये सवाल विपक्षी दलों से लगातार पूछे जा रहे हैं। इस बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा है कि इंडिया गठबंधन में प्रधानमंत्री पद के लिए कई संभावित उम्मीदवार हैं और गठबंधन के भीतर एक निर्णय लिया गया है। हालांकि उन्हें कहा कि इस समय इसका खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। ठाकरे ने इस बात पर जोर दिया कि इंडिया गठबंधन का प्राथमिक उद्देश्य देश के लोकतंत्र और स्वतंत्रता की 'रक्षा' करना है।

चुनाव के पांचवें चरण के प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को इंडिया गठबंधन ने मुंबई में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। सांताक्रूज के एक होटल में आयोजित मीडिया सम्मेलन में ठाकरे के साथ, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) प्रमुख शरद पवार और विपक्षी गठबंधन के तीन प्रमुख दलों के नेता उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार अपने भाषणों में इस बात का जिक्र करते आ रहे हैं कि इंडिया गठबंधन एक विभाजित घर है, जिसमें कई नेता और नारे हैं। प्रधानमंत्री पद के लिए एक-दूसरे में होड़ सी मची है। पीएम मोदी ने मुंबई की रैली



के दौरान पूछा था कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बन भी जाती है तो क्या पांच साल में पांच प्रधानमंत्री होंगे। उद्धव ठाकरे ने मोदी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा, मोदी ने कम से कम स्वीकार किया है कि हमारे पास इस पद के लिए कई चेहरे हैं, लेकिन भाजपा के पास इस पद के लिए सोचने के लिए कोई दूसरा चेहरा नहीं है। उनके पास केवल एक ही चेहरा है जो गिनती में भी नहीं है। क्या बीजेपी एक ही चेहरा पेश करने जा रही है? पीएम ने स्वीकार कर लिया है कि हम सरकार बनाने जा रहे हैं। ।जब उनसे भाजपा नेताओं के आरोपों के बारे में पूछा गया कि विपक्षी गठबंधन की प्रचार रैलियों में पाकिस्तान के झंडे लहराए जा रहे हैं और पाकिस्तान की प्रशंसा में नारे लगाए जा रहे हैं तो उद्धव ठाकरे ने इन दावों को सरासर झूठ बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, "मोदी जब भी नवाज शरीफ और अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान खाई गई बिरयानी को याद करते हैं तो ऐसे झूठ उछालते हैं। बीजेपी को पहले अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में चीन की घुसपैठ के बारे में जवाब देना चाहिए। बीजेपी नेता सत्यपाल मलिक ने पुलवामा हमले के बारे में कुछ चौंकाने वाली जानकारी दी है। उन्हें जवाब देने के बजाय, भाजपा बेशर्मी से हम पर हमला कर रही है।"




## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**भिलाई, 18 मई।** भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र सीएसआइटी (छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी) के हास्टल के सामने दो बाइक के बीच



जोरदार भिड़ंत हो गई दोनों बाइक पर कुल तीन लोग सवार थे हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई वहीं दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उनका इलाज जारी है पुलगांव टीआई पुष्पेंद्र भट्ट ने बताया कि ग्राम अछोटी निवासी कुणाल पुलगांव के कपड़ा मार्केट में काम करता है सुबह काम पर जा रहा था वहीं ग्राम कोलिहापुरी निवासी सुमेर सिंह और प्रीतम दुर्ग की ओर से वापस (कोलिहापुरी जा रहे थे रास्ते में सीएसआइटी के हास्टल के सामने उनकी बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई एक बाइक को चला रहे सुमेर सिंह के सिर पर गंभीर चोट लगी और उसकी मौके पर मौत हो गई वहीं उसके साथ बैठा प्रीतम भी गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं दूसरी ओर से आ रहे कुणाल को भी गंभीर चोटें लगी हैं घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायलों को सड़क से उठाकर किनारे बैठाया उन्होंने ही पुलिस और एंबुलेंस को जानकारी दी जिसके बाद दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं मृतक सुमेर सिंह के शव को चीरघर में रखवाया गया है पुलगांव पुलिस ने प्राथमिकी कर ली है।

### कटर से जानलेवा हमला

**भिलाई, 18 मई।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र टंकी मरोदा के पास एक अज्ञात आरोपित ने जोमैटो के डिलीवरी ब्वाय के गले पर कटर से जानलेवा हमला कर दिया घटना के शिकार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है अस्पताल से सूचना मिलने के बाद नेवई पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरू की है अभी तक आरोपित का कोई सुराग नहीं मिल सका है और न ही घटना का कारण स्पष्ट हो सका नेवई पुलिस ने बताया कि तौफिर आलम नाम का युवक जोमैटो में डिलीवरी ब्वाय का काम करता है वो रात को टंकी मरोदा की तरफ गया हुआ था इसी दौरान रात को किसी अज्ञात आरोपित ने उसके गले पर कटर से हमला कर दिया घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया पीड़ित के चिल्लाने की आवाज सुनकर कुछ लोग वहां पहुंचे और उसे फौरन अस्पताल भिजवाया दुर्ग जिला अस्पताल से उसे दुर्ग के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। आशंका जताई जा रही है कि लूटपाट की नीयत से ये वारदात की गई है अभी नेवई पुलिस इस मामले में प्राथमिकी कर रही है और उसके बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

### नेहरू आर्ट गैलरी में डाक टिकट की युगल प्रदर्शनी का आयोजन

**भिलाई, 18 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में, श्रीमती चुमकी साहा एवं स्वर्गीय सुब्रत देव बर्मन द्वारा संग्रहित डाक टिकट की युगल प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 20 मई को संध्याकाल मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार द्वारा किया जायेगा। श्रीमती चुमकी साहा भिलाई की रहने वाली हैं और इनके माता-पिता दोनों बीएसपी में ही कार्यरत थे। अपने माता-पिता से ही इन्हें टिकट संग्रह का शौक विरासत में मिला। 50 देशों के 5000 से अधिक टिकटों के संग्रह के साथ, उन्होंने एक विविध और व्यापक वर्ग तैयार किया है। इनमें 1000 से अधिक टिकटों के साथ भारत एक विशेष स्थान पर है, उसके बाद जर्मनी और यूएसएसआर का स्थान आता है। फिलैटली (डाक टिकट के संग्रह) के प्रति उनके उत्साह ने श्रीमती चुमकी साहा को अपने स्कूल और कॉलेज के दौरान प्रदर्शनियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इन वर्षों में, वह सिविक सेंटर में डाकघर द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में भाग लेते हुए, डाक टिकट संग्रहकर्ता समुदाय के साथ जुड़ी रहीं। एक शिक्षिका के रूप में श्रीमती चुमकी हमेशा इस शौक की प्रबल समर्थक रही हैं और अपने विद्यार्थियों को टिकट संग्रह के लिए प्रोत्साहित करती रही हैं। श्रीमती चुमकी लंबे समय के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से एक बार फिर अपने संग्रह को प्रदर्शित करने का अवसर पाकर अभिभूत हैं। अपने मूल्यवान संग्रह के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने रीजनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोपाल में फिलाटेलिक प्रदर्शनियों का आयोजन किया। साथ ही कोलकाता और दिल्ली में प्रतिष्ठित फिलाटेलिक कार्यशालाओं में भाग लिया।

### ब्लास्ट फर्नेस विभाग के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई,18 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में 16 मई को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनवरी से मार्च तिमाही के लिए प्रबन्धक मयंक वर्मा को पाली शिरोमणि पुरस्कार तथा मार्च 2024 के लिए सुनाराम टुडु एवं राजकुमार त्यागी एवं अप्रैल के लिए विसर्जन पटेल व मुन्नाराम ध्रुव को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक सौम्य तोकदार ने विषम परिस्थितियों में सभी सुरक्षा मानकों का पालन करने हुए विभाग में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने के लिए सभी पुरस्कृत कार्मिकों को बधाई दी एवं भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करने तथा अपने सहकर्मियों को भी प्रोत्साहित करने का आव्हान किया। प्रारम्भ में सहायक महाप्रबंधक बीजू जॉर्ज ने सभी पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई दी एवं शिरोमणि पुरस्कार योजना के बारे में बताते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य, अपने कार्य स्थल में सुरक्षा के मानक मापदंडो के साथ संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को सम्मानित करना है। समारोह में महाप्रबंधक राजेश गायकवाड़, महाप्रबंधक गुज्जू श्रीनिवास, महाप्रबंधक आर आनंद, वरिष्ठ प्रबंधक अभिजीत चौधरी, वरिष्ठ प्रबंधक राकेश शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद दास, प्रबंधक मुकेश शर्मा तथा अन्य विभागीय कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अधिकारी मदन मोहन श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

# कलेक्टर ने जिले में चल रहे समर कैंप का किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,18 मई।** जिले में गर्मी छुट्टी के दौरान बच्चों में विभिन्न कलाओं एवं प्रतिभाओं को निखारने और विकास के लिए पीएम श्री के तहत विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर कवर्धा, सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम खोलवा, पंडरिया विकासखंड के ग्राम जंगलपुर, कवर्धा विकासखंड के ग्राम पथर्रा और बोड़ला विकासखंड के ग्राम तरेगांव जंगल के एकलव्य आदिवासी विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज जिले में चल रहे समर कैंप का अवलोकन किया। उन्हांने पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर कवर्धा और सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम खोलवा में संचालित पीएम श्री प्राथमिक स्कूल में पहुंचकर बच्चों को




कराई जा रही समर कैंप और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों में शैक्षणिक विकास के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को अपने अंदर की प्रतिभाओं के अनुरूप अन्य गतिविधियों को करने के लिए मंच मिले। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल का विकास करना है। उन्होंने कहा कि समर कैंप के माध्यम से भविष्य में करने वाली गतिविधियों की जानकारी प्रदान की जाए, जिससे उन्हें उचित मार्गदर्शन भी मिल सके। उल्लेखनीय है कि इस समर केम्प के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा, हुनर एवं कला को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। जिले में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों को देखते हुए 15 मई से 24 मई तक समर कैंप का आयोजन विभिन्न स्कूलों में किया गया है। समर कैम्प में मेहंदी, खेल-कूद, सिंगिंग, डांसिंग, चित्रकला, रंगोली, योगा, निबंध, कहानी, लेखन, कबाड़ से जुगाड़, ज्ञान विज्ञान सहित अन्य कई विधा सिखाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक एम.के.गुप्ता और डीएमसी विनोद श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# सुपेला अंडर ब्रिज शुरू,चेंबर ने बांटे लड्डू



**भिलाई, 18 मई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई ने शुक्रवार को सुपेला अंडर ब्रिज आवागमन प्रारंभ की खुशी में लडडू बांटकर खुशी मनाई। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने ब्रिज प्रारंभ स्थल पर व्यापारियों को,ब्रिज से जाने वाले राहगीरों को रोक रोक कर ब्रिज खुलने की खुशी का लड्डू खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। अजय भसीन ने अपने वक्तव्य में बताया कि 30 माह की प्रतीक्षा के बाद आज सेक्टर एरिया से सुपेला क्षेत्र जुड़ गए। ब्रिज बनते समय सुपेला क्षेत्र में सेक्टर क्षेत्र के ग्राहकों का आवगमन कम होने से इस क्षेत्र का व्यापार कमजोर हो गया था।ब्रिज खुलने से व्यापारियों में हर्ष का माहौल है। गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि ब्रिज की बनावट व मार्ग निश्चित करने में भिलाई चेम्बर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह ब्रिज यदि और आगे से खुलता तो आकाशगंगा व दक्षिण गंगोत्री का व्यापार बेहद प्रभावित होता। आज आवागमन से व्यापारियों में खुशी का माहौल है 21 किलो लड्डू बांटकर हमने अपनी खुशी को आपस में बांटा है। आकाशगंगा, मोबाइल मार्किट, हिमालय कॉम्प्लेक्स, दक्षिण गंगोत्री व जी ई रोड के व्यापारियों ने खुशियां मनाई। हिमालय कॉम्प्लेक्स के मोबाईल व्यवसाई ज़फर जावेद ने बताया कि ब्रिज खुल जाने से व्यापार-व्यवसाय में गति आएगी और ग्राहकों को सुविधा भी होगी।

# हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 18 मई।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र पावर हाउस के मछली मार्केट में दो साल पहले हुई अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है आरोपित की गिरफ्तारी के बाद हत्या का कारण भी स्पष्ट हो गया है आरोपित और मृतक दोनों पावर हाउस मछली मार्केट के पास ही चबूतरे पर सोते थे वहां पर सोने की बात को लेकर दोनों के बीच काफी दिनों से विवाद हो रहा था, जिसके बाद आरोपित ने उसकी हत्या कर दी थी और फरार हो गया था दो साल तक आरोपित नागपुर में रहा और जब उसे लगा कि अब मामला शांत हो गया है तो वो वापस भिलाई आया। यहां पर वो औद्योगिक क्षेत्र छावनी में काम की तलाश कर रहा था इसी दौरान मुखबिर से पुलिस को इसकी जानकारी मिली और पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ में आरोपित ने हत्या करने की बात स्वीकार भी की है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि एक सितंबर 2022 की रात को मछली मार्केट पावर हाउस के पास मोहम्मद फिरोज नाम के व्यक्ति की लाश मिली थी उसके सिर और चेहरे पर पत्थर पटककर उसकी हत्या की गई थी घटना के बाद छावनी पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ हत्या की धारा के तहत प्राथमिकी की थी पुलिस ने मामले को सुलझाने लिए हर एंगल पर जांच की उसके परिवार वालों पर संदेह जताते हुए उनसे भी पूछताछ की गई लेकिन, कोई नतीजा नहीं निकला

जांच के दौरान ही पुलिस को ये भी पता चला था कि मृतक के अलावा शहजाद खान उर्फ शहजादा नाम का युवक भी वहीं पर सोता है लेकिन, घटना के बाद से वो फरार था शहजादा कोरबा जिले के चिमनीभाठां ट्रांसपोर्ट नगर का रहने वाला है पुलिस ने उसके कोरबा स्थित निवास पर भी कई बार दबिश दी लेकिन, वो वहां से भी गायब मिला इस पर पुलिस को शहजादा पर ही संदेह हुआ और उसे मुख्य संदेही मानकर उसकी तलाश शुरू की गई इसी दौरान शहजादा को देखा गया पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने मोहम्मद फिरोज की हत्या करने की बात स्वीकार की आरोपित ने ये भी बताया कि चबूतरे पर सोने की बात को लेकर फिरोज उससे रोजाना विवाद करता था। उसे गालियां देता था और अपमानित करता था। जिससे आक्रोशित होकर उसने फिरोज की हत्या कर दी थी। इस आधार पर पुलिस ने आरोपित शहजाद खान उर्फ शहजादा (27) को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ हत्या की धारा के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया है मार्केट में सोने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद सिर पर पत्थर पटककर की थी हत्या।

# अवैध कच्ची महुआ शराब की बिक्री करने वाले को थाना पंडरिया पुलिस ने किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 18 मई।** कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियो को अपराधिक गतिविधियों पर पूर्णता अंकुश लगाते हुए अवैध मादक पदार्थ शराब गांजा बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णता लगाम लगाते हुए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पण्डरिया श्री पंकज कुमार पटेल के मार्गदर्शन में थाना पंडरिया पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार सूचना एकत्र कर उचित वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना पंडरिया पुलिस को दिनांक- 16-05-2024 के जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम दलपी में उत्तरा कुमार साकत अपने घर के सामने मेन रोड में अवैध रूप से हाथ भट्ठी से बने कच्ची महुआ शराब को अपने कब्जे में रख कर बिक्री कर रहा हैं। उक्त सूचना को थाना प्रभारी द्वारा जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को अवगत कराया गया, वरिष्ठ अधिकारी गणों के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी पण्डरिया द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबीर के बताएं स्थान पर पुलिस टीम रवाना कर रेड कार्यवाही कर आरोपी उत्तरा कुमार साकत पिता पंचराम साकत उम्र 44 वर्ष साकिन दलपी थाना पंडरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.) को रंगे हाथों अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ पकडा गया, आरोपी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी से बने कच्ची महुआ शराब (कुल मात्रा 10.00 बल्क लीटर) कीमती 1,000/- रूपये व शराब बिक्री की रकम 200/-रूपये कुल कीमती 1200/-रूपये. गवाहों के समक्ष बरामद किया गया। आरोपी का कृत्य 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पंडरिया निरीक्षक श्री संतोष मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना टीम से सउनि मोहन लाल खुंटे, प्रधान आरक्षक राजेश्वर कोसरिया, आरक्षक-द्वारिका चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी,अभिषेक शर्मा मआर.संगीता चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा।

# आईजी गर्ग ने किया निरीक्षण



**भिलाई, 18 मई।** भिलाई रक्षित केंद्र और पुलिस अधीक्षक कार्यालय दुर्ग का वार्षिक निरीक्षण दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग ने किया निरीक्षण परेड के दौरान उत्तम वेशभूषा धारण करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया आइजी ने प्रशासनिक भवन में विभिन्न शाखा क्रमश गणवेश शाखा, सुरक्षा उपकरण शाखा, पुलिस साख सहकारी समिति बैंक, वाहन शाखा, महिला कल्याण केंद्र, यात्रा भत्ता शाखा, वाहन शाखा, कैश शाखा, रोजनामचा शाखा का निरीक्षण कर सभी प्रभारी अधिकारी, कर्मचारियों से उनके कार्यों की जानकारी प्राप्त की जाकर समीक्षा की इस दौरान गर्ग ने कहा कि सभी पुलिस कर्मी निर्धारित वेशभूषा ही धारण करें एवं वर्दी पहनने से आत्म सम्मान में वृद्धि होती है, जनता में अच्छी वेषभूषा धारण करने से पुलिस की छवि अच्छी बनती है। आप ड्यूटी में व्यस्तता के बावजूद अच्छी वेशभूषा धारण करें अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। थाने में यदि कोई व्यक्ति रिपोर्ट लिखवाने आता है तो उससे अच्छा व्यवहार किया जावे एवं आगन्तुक व्यक्ति को गाईड करें एवं इस सबंध में थाना प्रभारी को बतायें निरीक्षण के दौरान दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) , सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) ,वेदव्रत सिरमौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू ) , श्रीमती पद्मश्री तंवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( दुर्ग शहर ) , अभिषेक झा, व अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।

# एंजेल वैली स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 मई।** माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में एंजेल वैली स्कूल हुडको भिलाई (अंग्रेजी माध्यम) में



कक्षा दसवी का परिणाम 100 प्रतिशत रहा । अक्षिता कनोजिया ने 93.16 प्रतिशत



अंको के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षिता ने गणित विषय में 100 में से 99 एवं इंग्लिश और हिंदी विषय में 100 में 98 अंक प्राप्त किये। रोशन छाती 85 प्रतिशत ने द्वितीय एवं इश्वरी 70.6 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों एवं प्रभारी प्राचार्य सुष्मिता दास ने इस सफलता पर बधाई दी।

### एमजीएम के टॉपर्स स्टूडेंट में श्रेयांश



**भिलाई, 18 मई।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में एम जी एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 के टैलेंटेड स्टूडेंट श्रेयांश श्रीवास्तव ने 92.8 परसेंट अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर शहर को गौरवान्वित किया है। एमजीएम स्कूल मैनेजमेंट ने अपने क्लास टेंथ अचीवर्स 2023-24 टॉपर्स 90 परसेंट एंड एबव की गोल्डन कप सूची में मेरिटोरियस स्टूडेंट श्रेयांश को स्थान देकर सम्मानित किया है। श्रेयांश गरीब मरीजों के मसीहा के रूप में पहचाने जाने वाले लाल बहादुर शास्त्री शासकीय चिकित्सालय सुपेला के प्रभारी से अवकाश प्राप्त चिकित्सक डॉ के. गोपीनाथ हॉस्पिटल में पैथोलॉजी विभाग के इंचार्ज इन्द्रनील श्रीवास्तव एवं श्रीमती संगीता श्रीवास्तव के सुपुत्र हैं।

# इस्पात नगरी के सौंदर्यीकरण हेतु प्रमुख स्थलों का कायाकल्प

**भिलाई, 18 मई।** भिलाई इस्पात संयंत्र, इस्पात नगरी के सौंदर्य के लिए इन दिनों कई परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। इन परियोजनाओं के तहत सड़कों की मरम्मत, चौकों का जीर्णोद्धार के साथ-साथ विभिन्न पार्कों के उन्नयन का भी कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला यातायात सुरक्षा समिति के सुझाव पर, नगर सेवाएं विभाग द्वारा फॉरेस्ट एवेन्यू स्थित उतई चौक में रोटरी का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में इस्पात नगरी के मुख्य चिकित्सालय के समक्ष पं. रविशंकर शुक्ल चौक, सेक्टर-8 चौक, मरोदा चौक, रेल चौक, सीईजेड चौक और 25 मिलियन टन सेक्टर-4 चौक के मरम्मत, अनुरक्षण और नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसमें सेक्टर-9 पं. रविशंकर शुक्ल चौक और सेक्टर-8 के चौक का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। सेक्टर-8 में रोटरी क्लब जैसी अंतर्राष्ट्रीय संगठन के साथ मिलकर सेल रोटरी चौक का निर्माण किया है। सड़क दुर्घटना की आशंकाओं और पूर्व के अनुभवों के आधार पर और जिला पुलिस प्रशासन के मार्गदर्शन में प्रमुख चौक की घेरे को कम किया गया है और घेरे में लगे हुए लोहे की जाली को निकाल दिया गया है। एफएसएनएल ऑफिस के समीप इक्विपमेंट चौक पर पूर्व में स्थापित फ्लाइट ऑफ स्टील कलाकृति, फ्लाईओवर के निर्माण क्षेत्र में आने के कारण इसका स्थान परिवर्तन कर आकर्षक रंग-रोगन के साथ भिलाई टाउनशिप के हृदय स्थल जयंती स्टेडियम के समीप इसका पुनर्स्थापना किया जा रहा है। इस कलाकृति की पुनर्स्थापना का कार्य नगर सेवाएं विभाग द्वारा पद्मविभूषण से सम्मानित जतीन दास के निर्देशन में सम्पन्न किया जा रहा है। इस कलाकृति की स्थापना के



साथ-साथ कलाकृति के चारों ओर लगभग 60 मीटर वर्गाकार क्षेत्र में चैन लिंक फेन्सिंग की गयी है एवं फेन्सिंग के अंदर चारों तरफ आकर्षक पौधे रोपण तथा उससे लगे हुए स्थान पर लोगों के विचरण हेतु पेवर ब्लॉक एवं फूलों की क्यारी सजाई जा रही है। मुख्य कलाकृति के ठीक नीचे ग्रेनाइट टाइल्स का आधार एवं उसने लगे हुए स्थान पर घनाकार क्षेत्र को पेवर ब्लाक से आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है। बाकी के बचे स्थान पर ग्रीन टाइल्स लगाये जाने की योजना है। डैमेज हो चुकी सड़कों की मरम्मत और रिकारपेटिंग का कार्य वृहद पैमाने पर किया जा रहा है। इसके तहत इस्पात नगरी की सभी मुख्य सड़कों में रिकारपेटिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में संयंत्र के मेन गेट से इक्विपमेंट चौक से लेकर पं. रविशंकर शुक्ल मार्ग (सेंट्रल एवेन्यु) का कार्य इन दिनों तेजी से किया जा रहा है। ग्रीष्म ऋतु में डामरीकरण किये जाने से सड़के अच्छे से व्यवस्थित हो जाती है। इस कार्य की सम्पन्नता से सिविक सेंटर, जयंती स्टेडियम के समीप का स्थान सुन्दर एवं आर्कषक हो जायेगा। सेक्टर-8 में स्थित सुनीति उद्यान सुबह की सैर और पारिवारिक पिकनिक के लिए भिलाईवासियों की पसंदीदा जगह है। यहां दिन भर लोगों की भीड़ लगी रहती है। धीरे-धीरे उद्यान में बने फुटपाथ और फूलों की क्यारियाँ टूटने लगीं थी, जिन्हें मरम्मत कर दुरूस्त किया गया। इनकी सुंदरता बढ़ाने के लिए नगर सेवाएं विभाग द्वारा आवश्यक रंग-रोगन किया गया। इसके मुख्य द्वार पर की गई विशेष पेंटिंग ने इसके स्वरूप को अनोखा बना दिया है। इस कायाकल्प के फलस्वरूप उद्यान में आने वाले लोगों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग ने हाल ही में चुनाव के पूर्व इस्पात नगरी की सेंट्रल एवेन्यू स्थित सभी बस स्टॉप का रंग-रोगन और मरम्मत का कार्य किया है। साथ ही इन बस स्टॉपों की नियमित रूप से साफ-सफाई किये जाने की भी व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र अपनी टाउनशिप को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए निरन्तर प्रयास करता रहता है। सभी प्रमुख सड़कों और बाजारों की नियमित रूप से साफ-सफाई की जाती है और डोर-टू-डोर कचरा (गारबेज) का संग्रहण किया जाता है। संग्रहित कचरे की एसएलआरएम सेंटर में छटाई और कचरे से खाद निर्माण किया जाता है।

# वसुंधरा नगर में करोड़ों की लागत से बने शापिंग काम्पलेक्स का कायाकल्प



**भिलाई, 18 मई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा के दक्षिण वसुंधरा नगर में करोड़ो की लागत से शापिंग काम्पलेक्स का निर्माण किया गया है। निगम क्षेत्र का यह एकमात्र शापिंग काम्पलेक्स है जिसमें 140 दुकानें और 10 बडे हॉल हैं। वर्ष 2017-18 से निगम प्रशासन द्वारा शापिंग काम्पलेक्स की दुकानों की नियमानुसार विक्रय करने की प्रक्रिया को प्रारंभ किया गया था। जिसमें अब तक 60 दुकानों का आवंटन हो चुका है जबकि 80 दुकानो का आबंटन नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत द्वारा इस मामले का संज्ञान लेकर पालिका बाजार के व्यवसायियों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में भेंट मुलाकात की गयी। साथ ही अपना व्यवसाय आवंटित दुकानों में शीघ्र प्रारंभ करने के संबंध में चर्चा संपन्न हुयी। आवंटित दुकानदारों के द्वारा बैठक में कमिश्नर के समक्ष शापिंग काम्पलेक्स में उप पंजीयक कार्यालय खोले जाने संबंधी प्रस्ताव रखा गया। इससे शापिंग काम्पलेक्स में लोगों की आवाजाही बढ़ेगी, शेष आवंटित दुकानों के भी विक्रय की स्थिति निर्मित होगी तथा निगम के आय स्त्रोत में वृद्धि होगी । यह बता दें कि निगम प्रशासन द्वारा ग्रिल लगाकर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को सुरक्षित रखने का कार्य किया गया है

एक नजर

## अवैध मदिरा विक्रय एवं परिवहन को रोकने आबकारी विभाग की कार्रवाई

**राजनांदगांव 18 मई।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा मरईभर्री ग्राम बरनारा कला बोरतलाब में नाला किनारे 40 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 180 किलो महुआ लाहन आज्ञात जप्त किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक श्री उज्जवल कुमार सूत्रधर, आबकारी मुख्य आरक्षक श्री लालसिंह राजपूत, आबकारी आरक्षक श्री जर्नादन पाण्डेय शामिल थे। इसी तरह आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं श्री निजाम शाह ठाकुर, श्री नागेश निषाद, श्री अनिल सिन्हा द्वारा राजस्थानी ढाबा बागनदी में 1 खाली तलाशी का पंचनामा बनाया गया। आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती तुलेश्वरी देवांगन एवं श्री आर्यन ठाकुर द्वारा देशी-विदेशी मदिरा दुकान रेवाडीह का निरीक्षण किया गया। जहां कोई प्रकरण प्रकाश में नहीं आया। कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

## डोंगरगढ़ पुलिस ने किरायेदारों के सत्यापन के लिए शहर में कराई मुनादी



**डोंगरगढ़ 18 मई।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम के दिशा एवं निर्देश पर डोंगरगढ़ क्षेत्र में चोरी, लूट, नकबजनी जैसे अपराधों के रोकथाम हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा आज दिनांक- 16.05.2024 को शहर में मुनादी कराकर मकान किरायेदारों का सत्यापन अभियान प्रारंभ किया गया है जिसके अन्तर्गत किरायेदारों से वैध पहचान पत्र, किराये में रहने के कारण व काम सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जांच की जा रही है। इसी प्रकार मकान मालिकों को भी अपने किरायेंदारों का थाना में सत्यापन कराने हेतु हिदायत दिया जा रहा है। यदि मकान मालिकों द्वारा अपने किरायेदार का सत्यापन नहीं कराता है और वह किरायेदार कोई अपराध घटित करता है या संदिग्ध हालत में पकड़ा जाता है तो उस मकान मालिक के विरूद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## ग्रीन आर्मी कर रही कबाड़ की जुगाड़ से सखी सहेली गार्डन का जीर्णोद्धार

**रायपुर 18 मई।** रायपुर शहर के हृदय स्थल में स्थित सखी सहेली गार्डन विगत 6 माह पूर्व वीरान,अंधेरा,कूड़ा, नशेड़ियों एवँ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हुआ करता था, पेड़ो के नाम पर केवल चुनिंदा पेड़ो की जड़े बाकी रह गए थे , स्थानीय निवासी अनहोनी के डर से गार्डन में जाने से कतराते थे, आज यहां रोशनी, चहल-पहल, पलदार, छायादार, पेड़, एवँ पाथवे वाल पर रंगाई, स्थानीय लोगो का ध्यानाकर्षण का केंद्र बना हुआ है, ज्ञात हो ग्रीन आर्मी डीडीयू नगर ज़ोन को सखी सहेली गार्डन की बुरे हालात की जानकरी प्राप्त हुई , संस्था सदस्य जानकरी मिलते ही इसे बचाने में लग गए, इस मुहिम में सर्वप्रथम नशेड़ियों एवँ असमाजिक तत्वों को भगाने हेतु 1 माह तक म्यूसिक नाइट,होली मिलन समारोह , जनजागरूकता अभियान एवँ पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया गया, तत्पश्चात संस्था सदस्यों द्वारा कचरा की सफाई, लेबलिंग, पानी, लाइट व्यवस्था, वृक्षारोपण किया गया एवं इन वृक्षों कों बचाने कबाड़ की जुगाड़ से ह्य2 पाईप, पेंटिंग, मच्छरदानी, ग्रीन नेट जाली, मलबे से ईट, बांस के टूकडे इकठ्ठे कर पेंडो की सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई। पक्षीयों हेतू सकोरे की व्यवस्था- गार्डन के जीर्णोद्धार के साथ जीव-जन्तुओं, पशु-पक्षियों की सुरक्षा व्यवस्था को भी ध्यान रखा गया है इस हेतु पानी के सकोरे के साथ दाना-पानी की व्यवस्था भी की गई है आज यहां चिडियों की मधुर चहचाहट एवं घोसले आपको असानी से देखने मिल जायेंगे।सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर- संस्था सदस्यों द्वारा अब इस गार्डन के देख-रेख हेतू माली एवं सौंदर्यीकरण के अनेक उपाय किये जा रहे है, आगे इस कार्य हेतू शासन प्रशासन का सहयोग लिया जायेगा। डीडीयू नगर ग्रीन आर्मी संस्था सदस्य बताते है शरुआती दौर में इन्हें अनेक समस्यओं का सामना करना पड़ा, आखिरकार मेहनत रंग लाई, आज गार्डन की सुन्दरता देखते ही बन रहा है।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में पूरे जिले में माध्यमिक शाला डुमरटोला अव्वल

**मोहला 18मई।** मोहला-मानपुर-अं चौकी के अंतर्गत संचालित शासकीय माध्यमिक शाला डुमरटोला के छात्रों ने राज्य स्तर पर आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा वर्ष 2024 में पूरे जिले में सबसे अधिक संख्या में सफलता प्राप्त की है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी डुमरटोला स्कूल के शिक्षक श्री राकेश कुमार देवांगन व साथियों की मेहनत रंग लाई। विभाग की महत्वपूर्ण योजना राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना जो कि कक्षा 8 के छात्र/छात्रों के लिए प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती हैं। जिसके तहत चयनित छात्रों को प्रतिमाह 1000/-रू. कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण होने तक शासन द्वारा प्रदान की जाती है। ज्ञात हो कि शिक्षक श्री राकेश कुमार देवांगन को वर्ष 2023 में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला प्रशासन मोहला मानपुर चौकी द्वारा सम्मानित भी किया गया है। वर्तमान समय मे उनके द्वारा प्रयास कोचिंग संकुल स्तर पर डुमरटोला स्कूल में संचालित की जा रही है। छात्रवृत्ति परीक्षा में इस स्कूल की छात्रा कु. भिक्षा 122 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान पर रही है। श्री राकेश देवांगन के उल्लेखनीय कार्य के लिए जिला शिक्षाधिकारी श्री फत्तेराम कोसरिया, बीईओ श्री राजेन्द्र देवांगन, बी आर सी श्री वर्मा जी, संकुल समन्वयक श्री रूपेंद्र नंदे, संकुल प्राचार्य डी सी कोरसिया, प्रधान पाठक श्री मानिक लाल जयकर, शिक्षक श्री अजय तिवारी, श्री लोकेश जयसवाल, श्री हेमलता अलेन्द्र ने उन्हें बधाई दी है।

# समर कैम्प बच्चों में निहित प्रतिभाओं को तराशने का अच्छा माध्यम : कलेक्टर

- स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए स्वैच्छिक समर कैम्प 20 मई से
- समर कैम्प आयोजन के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 18 मई।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी स्कूलों में समर कैम्प आयोजन के संबंध में आज शिक्षा एवं संबद्ध विभाग के अधिकारियों की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ली। कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के सभी स्कूलों में आगामी 20 मई से 31 मई 2024 तक समर कैम्प का आयोजन करने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समर कैम्प सुबह 7 बजे से 9.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा, यह कैम्प पूर्णतः स्वैच्छिक रहेगा। उन्होंने समर कैम्प आयोजित करने के लिए सभी संस्था प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए समर कैम्प बहुत अच्छा कार्यक्रम है। इसके जरिये बच्चों की विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतिभाएं सामने आती है। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों में निहित प्रतिभाओं को तराशने का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में कुछ न कुछ प्रतिभा होती है। उनमें जो विशेष गुण है, जिससे दूसरों को बहुत कुछ सीखा जा सकता है। ऐसे बच्चों का विशेष रूप से आर्ब्जव करके उनकी एक्टीविटी को और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से उनका परिणाम बहुत अच्छा आएगा। बैठक में समर कैम्प में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों के कौशल विकास के लिए कार्ययोजना बनाई गई और शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्राचार्यों एवं शिक्षकों से सुझाव लिया गया। वर्तमान में विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है, इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास के लिए समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प से रचनात्मक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन उपयोगी होगा। छात्र-छात्राओं में परस्पर रचनात्मक गतिविधियों के आदान-प्रदान के लिए समर कैम्प आयोजित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गये हैं। इसके तहत छात्र-छात्राओं हेतु समर कैम्प स्कूलों में अथवा गांव और शहर के सामुदायिक स्थानों में आयोजित किया जा सकता है। समर कैम्प में कला क्षेत्र, रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित करके उनसे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। साथ ही समर कैंप के दौरान स्कूलों में गांव के बुजुर्ग सेवानिवृत्ति व्यक्तियों से भी बच्चों के साथ खेलकूद की गतिविधियों में शामिल होने की अपील करने की बात कही गई है। समर कैम्प में स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के पालकों एवं शाला विकास समिति का भी सहयोग लिया जाएगा। समर कैम्प में रचनात्मक गतिविधियां जैसे चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद, अपने गांव एवं शहर का ऐतिहासिक परिचय इत्यादि का संचालन किया जाएगा। समर कैम्प के आयोजन से पूर्व शाला विकास समिति एवं पालक शिक्षक समिति से सहमति ली जाएगी। यह आयोजन पूर्णतः स्वैच्छिक रहेगा तथा समर कैम्प सुबह 7 बजे से 9.30 बजे के मध्य संचालित किया जाएगा। बैठक में सहायक संचालक आदित्य खरे, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, एडीपीओ पीआर झाड़े, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मती रश्मि सिंह, एपीसी एमआर अंसारी, आदर्श वासनिक, मनोज मरकाम, बीईओ आरएल पात्रे, प्रशांत चिर्वतकर, भारती आहूजा आर्य, विरेंद्र कौर गरचा, प्राचार्य, एबीईओ, बीआरसी, सीएसी, शिक्षक उपस्थित थे।

# गैस कनेक्शनधारियों को ई-केवाईसी कराने लगाए जायेंगे शिविर

**धमतरी 18 मई।** सार्वजनिक उपक्रम के द्वारा संचालित जिले के गैस एजेंसियों द्वारा गैस उपभोक्ताधारियों से ई-केवाईसी का कार्य लगातार किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी श्री बी.के.कोर्राम ने बताया कि ऐसे गैस उपभोक्ता, जिन्होंने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराया है, उनके लिए ग्राम पंचायतों/वार्डों में शिविर लगाकर ई-केवाईसी कार्य किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि गैस उपभोक्ता कार्ड में दर्ज व्यक्ति का ही ई-केवाईसी का प्रावधान है। उपभोक्ता को स्वयं का आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर, उपभोक्ता कार्ड के साथ निर्धारित समय एवं दिनांक में उपस्थित होकर ई-केवाईसी कराना होगा।

नगरनिगम धमतरी क्षेत्र के हटकेशर नागदेव मंदिर चौक में 20 से 22 मई तक सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर लगेगा। इसमें हटकेशर वार्ड, शीतलापारा वार्ड, सुभाष नगर वार्ड और लाल बगीचा वार्ड के गैस कनेक्शनधारी ई-केवाईसी करा सकेंगे। इसी तरह कोष्टापारा नंदी चौक के पास 23 से 25 मई तक आयोजित शिविर में कोष्टापारा, साल्हेवार पारा, महंत घासीदास वार्ड, जालमपुर वार्ड और ब्राम्हण पारा वार्ड, एकलव्य खेल परिसर में 27 से 29 मई तक आयोजित शिविर में रामपुर वार्ड, विंध्यवासिनी वार्ड, महिमासागर वार्ड, दानीटोला वार्ड, सत्संग भवन गोकुलपुर में 30 मई से 1 जून तक आयोजित शिविर में गोकुलपुर, महात्मा गांधी वार्ड, सदर दक्षिण और बांसपारा वार्ड के गैस कनेक्शनधारी ई-केवाईसी करा सकेंगे। इन्डोर स्टेडियम में 3 जून से 5 जून तक आयोजित शिविर में पोस्ट ऑफिस वार्ड, मराठा पारा, अम्बेडकर वार्ड, नयापारा वार्ड और रामसागरपारा वार्ड, डाक बंगला नंदी चौक में 6 जून से 8 जून तक आयोजित शिविर में डाक बंगला वार्ड, सोरिदभाठ, जोधापुर और स्वामी विवेकानंद वार्ड के गैस कनेक्शनधारी शामिल हो सकेंगे। बाल मंदिर रिसाईपारा पश्चिम में 10 जून से 12 जून तक आयोजित शिविर में रिसाईपारा पश्चिम, रिसाईपारा पूर्व और टिकरापारा वार्ड के गैस कनेक्शनधारी, अर्जुनी थाना के सामने सामुदायिक भवन में 13 जून से 15 जून तक लगने वाले शिविर में बठेना वार्ड, औद्योगिक वार्ड, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के गैस कनेक्शनधारी तथा पुराना मंडी सुंदरगंज वार्ड में 17 जून से 19 जून तक लगने वाले शिविर में सुंदरगंज, नवागांव वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड और मकेश्वर वार्ड के लोग तथा नगरनिगम कार्यालय पार्किंग स्थल में 20 जून से 22 जून तक आयोजित शिविर में आमापारा वार्ड, मोटर स्टैण्ड वार्ड, बनियापारा वार्ड तथा सदर उत्तर वार्ड के गैस कनेक्शनधारी ई-केवाईसी करा सकेंगे। इसी तरह विकासखण्डवार संबंधित ग्राम पंचायत भवन में ई-केवाईसी कराने शिविर आयोजित किये जायेंगे। इनमें नगरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उमरगांव में 20 मई से 22 मई तक, बेलरगांव में 23 से 25 मई, घठुला में 27 से 29 मई, बिरगुड़ी में 30 मई से 1 जून, नगरी में 3 जून से 5 जून, सिहावा में 6 जून से 8 जून, मेचका में 10 जून से 12 जून, फरसियां में 13 जून से 15 जून तथा डोंगरडुला में 17 जून से 19 जून तक शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# कला व्यक्ति को सुसंस्कृत एवं परिष्कृत करती हैः योगेश

**रायपुर 18 मई।** संस्कार भारती मध्य क्षेत्र, छत्तीसगढ़ प्रांत के द्वारा रंग संस्कार महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसे दो भागों में बांटा है नाट्य लेखन एवं निर्देशन कार्यशाला और नाट्य महोत्सव। रंग संस्कार महोत्सव तीन दिनों तक चलेगा जिसमें दिन में रंग साधकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा संध्या के समय में नाट्य प्रस्तुतियां होगी। प्रथम दिवस को संस्कार भारती के देश के नाटक विधा के राष्ट्रीय संयोजक, प्रमोद पवार जी के द्वारा नाट्य लेखन और निर्देशन पर प्रशिक्षण दिया गया। 30 रंग साधकों का समूह है जो इस कार्यशाला में भाग ले रहे हैं। संध्या के समय नाट्य महोत्सव में उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बलदेव शर्मा कुलपति, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के आतिथ्य में प्रारंभ हुआ, जिसमें विशिष्ट अतिथि श्री प्रमोद पवार जी फिल्म अभिनेता मुंबई, प्रांत अध्यक्ष रिखि क्षत्रिय, प्रांत सह महामंत्री एवं रायपुर जिला अध्यक्ष डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर, संयोजक योगेश अग्रवाल, सविता चंद्राकर, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र चौबे ने अपने वक्तव्य दिए। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि कला एवं संस्कृति का कार्य करना मंदिर में माथा टेकने जैसा है, कला एवं संस्कृति जीवन के अर्थ को व्यापकता प्रदान करती है। रंग संस्कार महोत्सव के संयोजक श्री योगेश अग्रवाल ने कहा कि संस्कार की परिष्कृत परिणति ही संस्कृति है संस्कृति की प्राकृतिक अभिव्यक्ति ही कलाओं के माध्यम से होती है।



इस अवसर पर अतिथियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि संस्कार भारती मात्र एक कला संस्था नहीं है संस्कार को ही हम संस्कृति का बीच तत्व मानते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. योगेंद्र चौबे ने किया।

संस्कार भारती के द्वारा 17 दिवसीय रंग संस्कार शिविर में तैयार हुआ नाटक। नाटक आदिगाथा का निर्देशन किया है किशोर वैभव ने किया, कहानी यह है कि राजा राजेश्वर अपने राज्य के वैभव के लिए उज्जयिनि से महादेव को लाकर स्थापित करते हैं और अपना संकल्प पूरा करते हैं। किंतु राजा राजेश्वर को अपने पर अहंकार होता है एक युवक और योगी को राज्य का सबकुछ दान कर देते हैं पर योगी इसे स्वीकार नहीं करता है, राजा योगी को राजा बना देते हैं। नाटक में यह संदेश भी दिया कि शास्त्रों में कहा गया है कि हम सब एक हैं और हमारे भीतर ईश्वर का वास है। नाटक में रचनात्मक पक्ष यह रहा कि कहानी के कुछ हिस्सों को भरथरी गायन के माध्यम से प्रस्तुत किया।

दूसरा नाटक रहा इंद्र धनु जिसका निर्देशन किया प्रसन्न निमोणकर ने। व्यक्ती अपने अन्दर किस तरह से बदलाव लाता है यही इस एकांकी की मुख्य बात है सात मराठी नाटकों का समूह है नाटक इंद्र धनु जिसका लेखन किया है योगेश सोमण ने। रक्तदान शिविर में एक महिला को जबरदस्ती रक्तदान करा दिया जाता है पर रक्तदान करने के बाद महिला की सोच में परिवर्तन दिखाई देता है। इसी तरह से छह और छोटी कहानियों का मंचन इंद्र धनु के माध्यम से किया गया।

## कलेक्टर ने मतगणना स्थल पर आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को किया नियुक्त

**राजनांदगांव 18 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मंगलवार 4 जून 2024 को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर परिसर राजनांदगांव में होने वाले मतगणना की आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को नियुक्त किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा को टेलीफोन, कम्प्यूटर सेट, इंटरनेट कनेक्टिविटी, फोटोकॉपी विभिन्न ड्यूटी आदेश जारी करना एवं सीसीटीवी, वीडियोग्राफी की व्यवस्था का दायित्व दिया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ उमेश कुमार पटेल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव मनोज कुमार मरकाम, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर को मतगणना में लगे अधिकारी, कर्मचारियों, एजेंट को पास जारी करना, मतगणना की जानकारी देने का कार्य सौंपा गया है।

समाचार संक्षेप

## 3863 नागरिकों ने कराई उच्चरक्त चाप व मधुमेह जांच



**राजनांदगांव 18 मई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व उच्चरक्तचाप दिवस के अवसर पर जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन के निर्देशन में विश्व उच्चरक्तचाप दिवस पर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं कलेक्टोरेट परिसर, एसडीएम कार्यालय एवं जनपद पंचायतों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह की जांच कराई। जिले में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में 3863 नागरिकों का उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह का जांच की गई। जांच में 346 उच्चरक्तचाप एवं 180 मधुमेह के मरीज पाये गए। जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क जांच एवं उपचार कराने की सलाह दी गई। साथ ही नागरिकों को उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह से संबंधित बीमारियों के रोकथाम के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने लिए जागरूक किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा ने बताया कि विश्व उच्चरक्तचाप दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर निःशुल्क उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह की जांच की गई। मरीजों को निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया। उच्च रक्तचाप मिलने पर मरीजों को वजन संतुलित रखने, चिकित्सकीय सलाह के अनुसार दवाई लेने, शारीरिक गतिविधियों में वृद्धि, शराब एवं तम्बाकू सेवन नहीं करने, संतुलित आहार, फल व सब्जियों का भरपूर सेवन करने, तनाव से बचने, रक्तचाप की नियमित जांच कराने एवं तेल, घी एवं नमक का सेवन कम करने की सलाह दी गई। मधुमेह के मरीजों को प्राथमिक रोकथाम के लिए शरीर के वजन को सामान्य बनाये रखने, पोषण तत्वों से भरपूर भोजन का सेवन करने, नियमित व्यायाम करने, तम्बाकू और शराब का सेवन नहीं करने की सलाह दी गई। इसी तरह विशिष्ट रोकथाम के लिए रक्तचाप को स्थिर बनायें रखने, रक्त शर्करा का स्तर बनाये रखने, आदर्श वजन बनाये रखने, आंख व पैरों की जांच नियमित रूप से करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि परिवार के किसी सदस्य को उच्च रक्तचाप, अधिक वजन या मोटापा, शराब का अत्यधिक सेवन, गुरदे की बीमारी, तनाव के कारण, अत्यधिक नमक का सेवन उच्च रक्तचाप के कारण हो सकते है। इसी तरह जल्दी-जल्दी पेशाब आना, वजन घटना, प्यास बहुत ज्यादा लगना, कमजोर अथवा थकान होना मधुमेह के लक्षण है।

## कलेक्टर ने कराई बीपी एवं शुगर की जांच



**राजनांदगांव 18 मई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज विश्व उच्चरक्तचाप दिवस पर कलेक्टारेट सभाकक्ष में बैठक के दौरान बीपी एवं डायबिटीज की जांच कराई। उन्होंने कहा कि वे नियमित योग एवं प्राणायाम करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए सभी को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराना चाहिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को स्वास्थ्य परीक्षण कराने कहा। उन्होंने जिले के नागरिकों को उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह संबंधित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने कहा। विश्व उच्चरक्तचाप दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कलेक्टारेट परिसर में शिविर लगाकर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों का स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में बीपी एवं शुगर जांच सहित अन्य जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया। उच्च रक्तचाप मिलने पर मरीजों को वजन संतुलित रखने, चिकित्सकीय सलाह के अनुसार दवाई लेने, शारीरिक गतिविधियों में वृद्धि, शराब एवं तम्बाकू सेवन नहीं करने, संतुलित आहार, फल व सब्जियों का भरपूर सेवन करने, तनाव से बचने, रक्तचाप की नियमित जांच कराने एवं तेल, घी एवं नमक का सेवन कम करने की सलाह दी गई। मधुमेह के मरीजों को प्राथमिक रोकथाम के लिए शरीर के वजन को सामान्य बनाये रखने, पोषण तत्वों से भरपूर भोजन का सेवन करने, नियमित व्यायाम करने, तम्बाकू और शराब का सेवन नहीं करने की सलाह दी गई। इसी तरह विशिष्ट रोकथाम के लिए रक्तचाप को स्थिर बनायें रखने, रक्त शर्करा का स्तर बनाये रखने, आदर्श वजन बनाये रखने, आंख व पैरों की जांच नियमित रूप से करने की सलाह दी गई।

# आयुक्त ने ली जल विभाग व अमृत मिशन के अधिकारियों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 18 मई।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने आज अपने कक्ष में जल विभाग तथा अमृत मिशन के अधिकारियों की बैठक लेकर कम पानी आने एवं गंदे पानी आने की शिकायत का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को देते हुये कहा कि सभी उप अभियंता अपने अपने प्रभारित वार्ड में प्रातः नल आने के समय निरीक्षण कर समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत करायेगे। आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में पूर्व बैठक की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पानी सप्लाई के संबंध में वार्डवार अधिकारियों से चर्चा कर कहा कि ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त पेयजल वार्डो में मुहैया कराना है, इसके लिये गलियों एवं उचाई क्षेत्रों जहॉ कम पानी आता है उसका निराकरण करना है, गंदे पानी आने की शिकायत का शीघ्र समाधान करना है। वार्डो में स्थित हैण्ड पंप को मरम्मत करना है, जहॉ पानी का लेबल कम हो गया है वहा पाईप बढ़ाना है, कम पानी आने वाले क्षेत्रों के पास स्थित हैण्ड पंप में मोटर डालकर पानी सप्लाई करना है। उन्होंने कहा कि वार्ड के जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या अधिक है, वहा सिंटेक्स टंकी लगाया जाये। लिकेज पाईप लाईन की शिकायत का भी त्वरित निराकरण करना है। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि शहर की सभी टंकिया पर्याप्त मात्रा में भरे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे और टंकी भरने के पश्चात ही पेयजल सप्लाई करे। जिन क्षेत्रो में अनावश्यक पानी बहने की शिकायत प्राप्त होती है वहा टोटी लगावे तथा जिन घर के नलों में टोटी नही लगा उनसे टोटी लगाने, पानी व्यर्थ न बहाने समझाईस देवे। नल में टोटी नहीं लगे होने एवं पानी व्यर्थ बहने की स्थिति में नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही करे। उन्होंने सभी उप अभियंताओं से कहा कि वे प्रतिदिन नल आने के समय में अपने अपने प्रभारित वार्ड में निरीक्षण करे तथा कम पानी आने, गंदा पानी आने के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करावे। पार्षदों से सम्पर्क करे, उनकी एवं नागरिकों के शिकायतों का यथाशीघ्र निराकरण करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने अमृत मिशन के अधिकारियों से कहा कि जिन क्षेत्रों में कनेक्शन उपरांत सप्लाई चालू नहीं हुआ है वहा टेस्टींग कर नई लाईन से पानी सप्लाई करे, तथा जॉच कर पुरानी लाईन बंद करे। जिन घरों में कनेक्शन नही हुआ है वहा विधिवत कनेक्शन देवे। निगम के जल विभाग व अमृत मिशन की टीम सयुक्त रूप से कार्य करे, शिकायतों का निराकरण करे। सभी क्षेत्रों में प्रेशर के साथ पर्याप्त पानी मिल सके, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंनें कहा कि अनावश्यक पानी बहने की शिकायतों का निराकरण कर अतिरिक्त नल बंद करे एवं टोटी लगाये, जिससे गर्मी में सुचारू पेयजल सप्लाई हो सके। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, अमृत मिशन के श्री राजेश पवार व श्री नितिन पाटिल के अलावा सभी उप अभियंता व फीटर उपस्थित थे।

# भाषा परिवार को बनाती और तोड़ती भी है : सुधाकर मुनि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 18 मई।** जैन मुनि श्री सुधाकर जी ने आज यहां कहा कि संयुक्त परिवार भारत की संस्कृति रही है। आज परिवार टूट रहे हैं तो रिश्ते बिखर रहे हैं। परिवार संस्कारों की पाठशाला है । परिवार व्यक्ति के लिए शक्ति होती है । स्वार्थ वाला शकुनि और अहंकार वाला दुर्योधन यदि परिवार में हो तो महाभारत होना ही है। उन्होंने कहा कि हमें तो रामायण जैसा परिवार चाहिए जहां राम जैसा आज्ञाकारी पुत्र, लक्ष्मण जैसा भाई जो अपने भाई का साथ देने के लिए जंगल चले जाता हो, भारत जैसा भाई जो राजमहल में रहते हुए भी वनवासी जैसा जीवन जीता हो, सीता जैसी पत्नी जो अपने पति की सेवा के लिए राजमहल छोड़ जंगल चली जाती हो। उन्होंने कहा कि रामायण में 90त्न घटनाएं ऐसी है जो यह बताती है कि हमारा जीवन कैसा होना चाहिए।

तेरापंथ भवन में आज मुनि श्री सुधाकर जी ने अपने नियमित प्रवचन में कहा कि हम परिवार में रहते हैं तो परिवार के सदस्यों को प्रति हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए, इस पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अच्छे परिवार के लिए चार चीजों पर ध्यान देना जरूरी है और यह चार चीजें हैं 1. भूषा,2.भाषा,3.भोजन और 4. भजन। उन्होंने कहा कि लज्जा कपड़ों से नहीं बल्कि आपकी आंखों से झलकनी चाहिए। भूषा अर्थात ऐसा आवरण जो व्यक्ति एक बार धारण कर ले तो फिर उसे न छोड़े। उन्होंने कहा कि आपके परिवार में आज से पहले कोई परंपरा चली आ रही है जिसका आप तन मन से पालन करते आ रहे हैं, बाद में उसका मूल्यांकन होना चाहिए । वक्त के सामने जो भी हमारी परंपरा है परिवार के सामने उसका मूल्यांकन होना चाहिए। भूषा ऐसा धारण करना चाहिए जो प्रभावी हो।

मुनि श्री सुधाकर जी ने कहा कि परिवार में आपकी भाषा कैसी होनी चाहिए, इस पर ध्यान देना जरूरी है। भाषा परिवार को जोड़ती भी है और तोड़ती भी है, इसलिए ऐसी भाषा का चयन करना चाहिए जो शिकायत की नहीं धन्यवाद की होनी चाहिए, आदेश की नहीं अनुरोध की होनी चाहिए। गलतियों को क्षमा करना सीखें । माफ करना बहुत मुश्किल होता है। छोटी-छोटी बातों को हम दिल में रख लेते हैं। रिश्ता हमेशा कानून से नहीं वरन प्यार से चलता है। परिवार मैं अधिकांश झगड़ा भाषा के कारण ही होते हैं। उन्होंने कहा कि बेटियां मायके में आती है और मां-बाप पर प्यार ऐसे लुटाती है जैसे उनसे ज्यादा प्यार करने वाला कोई न हो, यदि इसी प्यार का आधा हिस्सा वह अपने ससुराल में लुटाए तो वह ससुराल स्वर्ग हो जाए। हर मां चाहती कि मेरा बेटा श्रवण कुमार बने। यदि हर पत्नी चाहती कि उसका पति श्रवण कुमार बने तो घर स्वर्ग हो जाए। स्त्रियां केवल बेटे को ही श्रवण कुमार बनाना चाहती है पति को नहीं !

मुनि श्री सुधाकर जी ने कहा कि भोजन हमारा शुद्ध एवं सात्विक होना चाहिए। जैसा अन्न हम कहते हैं वैसा ही हमारा मन बनता है। भोजन बनाते समय मन पवित्र होना चाहिए जैसा अन्न आप खाओगे वैसा ही आपका विचार होगा। भोजन करते समय हमारा मुंह पूर्व या उत्तर दिशा की तरफ होना चाहिए। उन्होंने भजन के संबंध में कहा कि आप अपने परिवार के समक्ष आध्यात्म का भजन करें अर्थात आध्यात्मिक बातें करें। उन्होंने कहा कि परिवार में भोजन और भजन का विशेष प्रभाव पड़ता है। घर में कोई भी घटना घटे उसका सकारात्मक विश्लेषण करना चाहिए। हम नकारात्मक विचारों से उसका विचार करते हैं इसलिए अनहोनी होती है। उन्होंने कहा कि भोजन के समय यदि साथ में बैठकर प्रेम से बातें करें तो बड़ी से बड़ी समस्या का भी हल निकाला जा सकता है।

संपादकीय

# अमित शाह ने की साय की सराहना

राजनीति में जिम्मेदारी लेने वाले नेताओं की संख्या कम है। ज्यादातर नेता खासकर असफलता की जिम्मेदारी लेना ही नहीं चाहते है, वह अपनी असफलता के लिए दूसरे को दोषी बता कर खुद को बचा लेते हैं। हकीकत में तो नेता तो वही होता है जो हार व जीत की, सफलता व असफलता की जिम्मेदारी सामने आकर लेता है। कोई भी वादा हो,समस्या हो वह कहता है कि इसे पूरा करना मेरी जिम्मादारी है, मेरी गारंटी है। कोई भी काम हो उसे पूरा करने की जिम्मेदारी मेरी है। किसी पार्टी में जब लीडर ऐसा होता है तो उस पार्टी के नेता भी अपने लीडर से सीखते हैं कि हर काम को पूरा करना उसकी जिम्मेदाी है। भाजपा को पीएम मोदी के रूप में ऐसा ही नेता मिला है, वह हर समय आगे बढ़कर हर तरह की जिम्मेदारी व जोखिम उठाने को तैयार रहते हैं। वह ऐसा करके आने वाली भाजपा नेताओं की पीढ़ी को सिखाते हैं कि लीडर का काम है जिम्मेदीरी लेना, जब तक आप आगे बढ़कर जिम्मेदारी नहीं लोगे तो सच्चा लीडर नहीं बन सकते। जनता भी ऐसी ही लीडर पसंद करती है जो उसके लिए कुछ भी करने को तैयार रहे, एक बार अगर कह दिया कि यह काम करना है तो वह करके दिखाए। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ऐसे ही सीएम हैं। पार्टी के बड़े नेता उनसे जो काम करने को कहते है,वह उसे पूरा करने की जिम्मेवारी लेते हैं और उसे पूरा करने जुट जाते हैं। यही वजह है कि उनको चार महीने के कार्यकाल में बड़ी सफलता मिली है। इसके लिए उनकी सराहना पार्टी के भीतर व बाहर की जा रही है। गृहमंत्री ने अमित शाह ने उनसे कहा कि नक्सलियों का सफाया एक दो सालों में करना है और उन्होंने नक्सलियों के सफाए के लिए काम शुरू कर दिया। वह चाहते को नक्सलियों के खिलाफ कड़ा रुख अपना कर उनको मारने का काम ही करते लेकिन वे जानते हैं कि इसमें ज्यादा वक्त लग सकता है। इसलिए उन्होंने नक्सलियों का सफाया जिस तरह से हो सकता है, वह सब उपाय काम में ला रहे हैं। यही वजह है कि साय सरकार के साढ़े चार माह में 112 नक्सली मारे गए है तो 375 नक्सलियों ने सरेंडर किया है और 153 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं। साय सरकार बनने के बाद नक्सलियों के सफाए के लिए कश्मीर की तरह अभियान चलाया जा रहा है यानी नक्सली के जहां होने की खबर मिले उसे घोरकर मारना है। दो महीनें में चार सफल आपरेशन से साफ है कि साय सरकार सही रास्ते पर है। वह एक तरफ नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन चलाकर उनको मार रही है और दूसरी तरफ संदेश दे रही है, नक्सलियों के लिए सरेंडर करना ही ठीक है, नहीं तो मारे जाएंगे। मारे जाने के खौप के कारण ही साय सरकार के समय सबसे ज्यादा नक्सली सरेंडर कर रहे है, जितने मारे जा रहे है, उससे ज्याद सरेंडर कर रे हैं। राज्य में कई सरकारें हुई लेकिन मारे जाने का जो खौफ साय सरकार ने नक्सलियों में पैदा किया है, वैसा खौफ कोई सरकार पैदा नहीं कर सकी है। दूसरी सरकारों के समय साल में सौ नक्सली मारे नहीं जाते थे. बड़ी मुश्किल से आंकडा आंकड़ा कभी कभार पचास से ऊपर जाता था. साय के समय साढ़ महीने मे ही नक्सलियों के मारे जाने के आंकड़ा सौ से पार हो गया है तो यह निश्चित रूप से बड़ी सफलता है। एक साल मे यह आंकड़ा दौ सौ के पार जा सकता है। यानी दो सौ से ज्याद नक्सली मारे जाएंगे तो उससे ज्याद सरेंडर करेंग तथा बड़ी संख्या में नक्सली गिरफ्तार किए जाएंगे। इससे साफ है कि साय सरकार के समय जितनी तेजी से नक्सलियों का सफाया हो रहा है, उस आधार पर उम्मीद की जा सकती है कि एक दो साल में ही बस्तर नक्सल मुक्त हो जाएगा। इसका श्रेय साय सरकार को मिलेगा। उसी तरह मिलेगा जैसे योगी को यूपी से माफिया के सफाए का श्रेय मिला है। माफिया के लिए जिस तरह योगी का नाम पूरे देश में लिया जाता है, उसी तरह आने वाले दिनों में नक्सलियो का सफाया हो जाने पर साय का भी लिया जाएग। माफिया का सफाया जितना मुश्किल था, नक्सलियों का सफाया भी उतना ही मुश्किल है। अमित शाह ने उनको लक्ष्य दिया है, वह लक्ष्य को पूरा करने में लगे है और सफलता भी मिल रही है तो अमित शाह ने साय सरकार की इस सफलता के लिए सराहना भी कर रहे हैं।

जनजाति

# आदिवासी जनजीवन के नये जन्म का उजाला

ललित गर्ग



सुखी परिवार अभियान के प्रणेता, आदिवासी जनजीवन के मसीहा एवं प्रख्यात जैन संत गणि राजेन्द्र विजय पिछले 36 वर्षों से आदिवासी विषयों एवं मुद्दों को लेकर सक्रिय है, उन्होंने आदिवासी जनजीवन के उन्नयन एवं विकास के लिये अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों-योजनाओं जिनमें शिक्षा, सेवा, चिकित्सा एवं आर्थिक उन्नयन के उपक्रम किये हैं, जो आदिवासी जन-जीवन में उतरती रोशनी है। हाल ही में गुजरात में 4400 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आनलाइन कवांट की आदिवासी महिलाओं से बातचीत करते हुए गणि राजेन्द्र विजय को जिस स्नेह एवं आत्मीयता से याद किया, समूचे देश ने यह परिदृश्य देखा और उनकी सेवाओं को महसूस किया। मोदी का इस तरह इस संत पुरुष को याद करना,उनके गौरव को, उनके होने का भान कराता हैं। इस वर्ष गणि राजेन्द्र विजयजी अपने जन्म दिन 19 मई, 2024 को गुजरात के आदिवासी क्षेत्र कवांट में देश के पहले कौशल विकास विश्वविद्यालय 'भगवान आदिनाथ आदिवासी कौशल विश्वविद्यालय' के बीज को आकार देने को तत्पर हो रहे हैं, जिससे भारत के कौशल का दुनिया में डंका बजेगा एवं आदिवासी जनजीवन विकास की एक नई गाथा लिखने को तत्पर हो सकेगा।

निश्चित ही गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी समाज को उचित दर्जा दिलाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर है। वे स्वयं समर्थ एवं समृद्ध है, अतः शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिये स्वयं आगे आएं। एक तरह से एक संतपुरुष के प्रयत्नों से एक सम्पूर्ण पिछडा एवं उपेक्षित आदिवासी समाज स्वयं को आदर्श रूप में निर्मित करने के लिये तत्पर हो रहा है, यह एक अनुकरणीय एवं सराहनीय प्रयास है। लेकिन इन आदिवासी लोगों को राजनीतिक संरक्षक भी मिले, इसके लिये वे सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सम्पर्क स्थापित कर आदिवासी जीवन के दर्द से उन्हें अवगत कराया एवं इस बार के लोकसभा चुनाव में आदिवासी लोगों को सक्रिय किये हुए है। भारतीय समाज में जिन आदर्शों की कल्पना की गई है, वे भारतीयों को आज भी उतनी ही श्रद्धा से स्वीकार हैं। मूल्य निष्ठा में जनता का विश्वास अभी तक समाप्त नहीं हुआ। व्यक्ति अगर अकेला भी हो पर नैतिकता का पक्षधर हो और उसका विरोध कोई ताकतवर कुटिलता और षड्यंत्र से कर रहा हो तो जनता अकेले आदमी को पसन्द करेगी। इन्हीं मूल्यों की प्रतिष्ठापना, गणि राजेन्द्र विजय के मिशन एवं विजन का उद्देश्य है।

गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जो आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन के उत्थान और उन्नयन के लिये लम्बे समय से प्रयासरत हैं और विशेषतः आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर जागरूक है, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त करीब 12 करोड की लागत से एकलव्य आवासीय माडल विद्यालय का निर्माण होकर विगत दो दशकों से शिक्षा की नई उपलब्धियां एवं कीर्तिमान उनके प्रयत्नों से स्थापित कर रहा है। वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विद्यालय एवं अन्य योजनाओं का शुभारंभ करीब डेढ़ लाख आदिवासी लोगों के बीच किया, इतनी विशाल आदिवासी उपस्थिति गणिजी के इस क्षेत्र में प्रभाव को दर्शा रही थी। उनके नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है, जिनमें कन्या शिक्षा के लिये ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन हो रहा हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी जनजीवन की आर्थिक उन्नति एवं स्वावलम्बन के लिये वे सुखी परिवार ग्रामोद्योग भी संचालित कर रहे हैं। अपने इन्हीं व्यापक उपक्रमों की सफलता के लिये वे कठोर साधना करते हैं और अपने शरीर को तपाते हैं। अपने कार्यक्रमों में वे आदिवासी के साथ-साथ आम लोगों में शिक्षा के साथ-साथ नशा मुक्ति एवं रूढ़ि उन्मूलन की अलख जगाते हैं। उनके प्रयत्नों का उद्देश्य है शिक्षा एवं पढ़ने की रूचि जागृत करने के साथ-साथ आदिवासी जनजीवन के मन में अहिंसा, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था जगाना है। हर आदमी अपने अन्दर झांके और अपना स्वयं का निरीक्षण करे। आज मानवता इसलिए खतरे में नहीं है कि अनैतिकता बढ़ रही है। अनैतिकता सदैव रही है- कभी कम और कभी ज्यादा। सबसे खतरे वाली बात यह है कि नैतिकता के प्रति आस्था नहीं रही। त्याग, साधना, सादगी, प्रबुद्धता एवं करुणा से ओतप्रोत गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी जाति की अस्मिता की सुरक्षा के लिए तथा मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने के लिए सतत प्रयासरत हैं। मानो वे दांडी पकड़े गुजरात के उभरते हुए 'गांधी' हैं। इसी आदिवासी माटी में 19 मई, 1974 को एक आदिवासी परिवार में जन्में गणि राजेन्द्र विजयजी मात्र ग्यारह वर्ष की अवस्था में जैन मुनि बन गये। बीस से अधिक पुस्तकें लिखने वाले इस संत के भीतर एक ज्वाला है, जो कभी अश्लीलता के खिलाफ आन्दोलन करती हुए दिखती है, तो कभी जबरन धर्म परिवर्तन कराने वालों के प्रति मुखर हो जाती है। कभी जल, जमीन, जंगल के अस्तित्व के लिये मुखर हो जाती है। इस संत ने स्वस्थ एवं अहिंसक समाज निर्माण के लिये जिस तरह के प्रयत्न किये हैं, उनमें दिखावा नहीं है, प्रदर्शन नहीं है, प्रचार-प्रसार की भूख नहीं है, किसी सम्मान पाने की लालसा नहीं है, किन्हीं राजनेताओं को अपने मंचों पर बुलाकर अपने शक्ति के प्रदर्शन की अभीप्सा नहीं है। अपनी धून में यह संत आदर्श को स्थापित करने और आदिवासी समाज की शक्ल बदलने के लिये प्रयासरत है और इन प्रयासों के सुपरिणाम देखना हो तो कंवाट, बलद, रंगपुर, बोडेली आदि-आदि आदिवासी क्षेत्रों में देखा जा सकता है।



गणि राजेन्द्र विजयजी परिवार को सुदृढ़ बनाने के लिये ही सुखी परिवार फाउण्डेशन के द्वारा संचालित सुखी परिवार अभियान को लेकर सक्रिय है। मेरा सौभाग्य है कि वर्ष 2006 से संचालित इस फाउण्डेशन का संस्थापक महामंत्री बनने से लेकर वर्तमान में अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा हूं। गणिजी की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सबसे पहले परिवार संस्कारवान बने, माता-पिता संस्कारवान बने, तभी बच्चे संस्कारवान चरित्रवान बनकर घर की, परिवार की प्रतिष्ठा को बढ़ा सकेंगे। अगर बच्चे सत्पथ से भटक जाएंगे तो उनका जीवन अंधकार के उस गहन गर्त में चला जाएगा जहां से पुनः निकलना बहुत मुश्किल हो जाएगा। बच्चों को संस्कारी बनाने की दृष्टि से गणि राजेन्द्र विजय विशेष प्रयास कर रहे हैं। भारत को आज सांस्कृतिक क्रांति का इंतजार है। यह कार्य सरकार तंत्र पर नहीं छोड़ा जा सकता है। सही शिक्षा और सही संस्कारों के निर्माण के द्वारा ही परिवार, समाज और राष्ट्र को वास्तविक अर्थों में नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न बनाया जा सकता है। मेरी दृष्टि में गणि राजेन्द्र विजयजी के उपक्रम एवं प्रयास आदिवासी अंचल में एक रोशनी का अवतरण है, यह ऐसी रोशनी है जो हिंसा, आतंकवाद, नक्सलवाद, माओवाद जैसी समस्याओं का समाधान बन रही है। अक्सर हम राजनीति के माध्यम से इन समस्याओं का समाधन खोजते हैं, जबकि समाधान की अपेक्षा संकट गहराता हुआ प्रतीत होता है। क्योंकि राजनीतिक स्वार्थों के कारण इन उपेक्षित एवं अभावग्रस्त लोगों का शोषण ही होते हुए देखा गया है। गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में आदिवासी समाज कृतसंकल्प है रोशनी के साथ चलते हुए इस आदिवासी अंचल के जीवन को उन्नत बनाने एवं संपूर्ण मानवता को अभिप्रेरित करने के लिये।

गणि राजेन्द्र विजयजी के आध्यात्मिक आभामंडल एवं कठोर तपचर्या का ही परिणाम है आदिवासी समाज का सशक्त होना। सर्वाधिक प्रसन्नता की बात है कि अहिंसक समाज निर्माण की आधारभूमि गणि राजेन्द्र विजयजी ने अपने आध्यात्मिक तेज से तैयार की है। अनेक बार उन्होंने खूनी संघर्ष को न केवल शांत किया, बल्कि अलग-अलग विरोधी गुटों को एक मंच पर ले आये। जबकि गुट व्यापक हिंसा एवं जनहानि के लिये तरह-तरह के हथियार लिये एक दूसरे को मारने के लिये उतावले रहते थे। हिंसा की व्यापक संभावनाओं से घिरे इस अंचल को अहिंसक बनाना एक क्रांति एवं चमत्कार ही कहा जायेगा। सचमुच आदिवासी लोगों को प्यार, करूणा, स्नेह एवं संबल की जरूरत है जो गणिजी जैसे संत एवं सुखी परिवार अभियान जैसे मानव कल्याणकारी उपक्रम से ही संभव है, सचमुच एक रोशनी का अवतरण हो रहा है, जो अन्य हिंसाग्रस्त क्षेत्रों के लिये भी अनुकरणीय है। गणि राजेन्द्र विजयजी की विशेषता तो यही है कि उन्होंने आदिवासी उत्थान को अपने जीवन का संकल्प और तड़प बना लिया है। आदिवासी जन-जीवन में भी बहुत उजाले हैं, लेकिन इन उजालों को छीनने के प्रयास हुए हैं, हो रहे हैं और होते रहेंगे। आज बाहरी खतरों से ज्यादा भीतरी खतरे हैं। हिंसा और अलगाव की कई चुनौतियां हैं, जो समाधान चाहती है। पर गलत प्रश्न पर कभी भी सही उत्तर नहीं मिला करते। जब रोटी की जरूरत हो तो रोटी ही समाधान बनती है। रोटी के बिना आप किसी सिद्धान्त को ताकत का इंजेक्शन नहीं बना सकते।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपके लिए दिन पॉजीटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जायेगा, परिवार में फिर से खुशियाँ आ जाएगी। आज अपनी दिनचर्या के कार्यों के अतिरिक्त कुछ और जानकारियां हासिल करने में भी समय बीतेगा। किसी सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे। कहीं फंसा हुआ पैसा आज वापस सकता है। आज किसी भी परिस्थिति में संतुलित रहेंगे। कुछ लोग प्रतिस्पर्धा की भावना से आपके प्रति अफवाह फैला सकते हैं। लेकिन इन गतिविधियों का आपके मान-सम्मान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बनेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। आज व्यवसाय में अधिक मुनाफा होने की स्थिति बन रही है। आज कोई भी निर्णय लेने से पहले परिवार वालों की राय जरुर लें। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर कोई ऑफिशियल यात्रा संभव है। आज पारिवारिक व्यवस्था को लेकर जीवनसाथी से विचार विमर्श करेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। काम पूरा होने पर टीचर से शाबाशी मिलेगी।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा और रुका काम भी व्यवस्थित होगा। आज घर परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे। अगर आपका कहीं पैसा रुका हुआ है तो आज उसकी वसूली करने का भी उचित दिन है। आज दूसरों के मामलों में बिन मांगे सलाह ना दें। आज किसी करीबी को आपसे कुछ अपेक्षाएं हो सकती हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को किसी दोस्त की मदद से अच्छी नौकरी मिलेगी।

कर्क राशिः आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा। स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू या करियर से संबंधित क्षेत्र में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। आज शांतिपूर्ण तरीके से समस्या को सुलझाने का प्रयास करें। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे, उनके साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जाएंगे।

सिंह राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए आज दिन शानदार रहने वाला है। अगर आप रियल स्टेट का काम करते है तो आज कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवर टाइम भी करना पड़ सकता है। घर का वातावरण मधुर और खुशनुमा बना रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ भावनात्मक नजदीकियां बनाने में आपका प्रयास जरूरी है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आपके व्यापार में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे है। लवमेट के साथ आज मूवी का प्लान बन सकता है।

कन्या राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है, जिनके खातिरदारी में आप व्यस्त रहेंगे। कविता लिखने के शौकीन लोगों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा। आज आपके वैवाहिक जीवन में ढेरों खुशियां आएंगी। इस राशि के सरकारी विभाग के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी हो सकती है। जल्द कोई अच्छी खबर मिलेगी। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। लवमेट आज आपसे अपने मन की बात शेयर करेंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की बात चल रही थी वो जल्द पक्की होगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। आज बाहर के खाने को जहाँ तक हो सके अवॉयड करें। दोस्तों के साथ आज मूवी देखने का प्लान कर सकते हैं। आज आपको अपनी सेहत में बदलाव नजर आएंगे आज आपको बेहतर महसूस होगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपसे कोई मित्र आर्थिक मदद मांग सकता है। नये प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। अनचाहे भय से मुक्ति मिलेगी। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है। आज आपको कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। मेडिटेशन करने से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

धनु राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां खत्म होंगी। आप जहाँ चाहते हैं ट्रान्सफर वहीँ होगा। आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज व्यापार में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे। आज आप वाहन खरीदने का मन बनाएंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। खान-पान में लापरवाही स्वास्थ के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यों के लिए भागदौड़ से थकावट का एहसास होगा। दांपत्य जीवन में आज एक दूसरे को समझकर चलना होगा। इससे गलत फेहमियाँ नहीं होंगी। कारोबार में सुखद बदलाव आएगा। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए। लवमेट की काफी समय बाद कॉल पर बात होगी। माता पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज के दिन आप किसी नई रचना की शुरुआत भी कर सकते हैं। आज सहकर्मियों की सहायता से आप बड़े से बड़े प्रोजेक्ट को आसानी से निपटा सकते हैं। कार्य क्षेत्र में आ रही समस्यायें आज समाप्त होंगी, जिससे काम करने में मन लगेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा। कार्य के सिलसिले में यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं।

मीन राशिः आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोंची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। लवमेट आज शॉपिंग करने जायेंगे, जहां किसी सामान पर अच्छा डिस्काउंट मिलेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसी बड़ी कंपनी के साथ आपकी डील फिक्स होने की सम्भावना है। अपने दांपत्य जीवन में आपको सुख की अनुभूति होगी।

व्यंग्य

# कैसी रीढ़, कहां की रीढ़

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

जलने जलाने का खेल बहुत पुराना है। लीजिए साहब हर दिन गरमागरम मुद्दों से जलाकर मारने वाली मीडिया आज जलकर मरने वालों की खबर दिखाने जा रही थी। कुल सत्ताईस लोग मरे थे। इस खबर से मीडिया में एक ओर दुख तो दूसरी ओर खुशी का वातावरण छाया हुआ था। दुख इस बात का कि हमारे रहते जलाने का जिम्मा कोई और कैसे उठा सकता है। हमारे जलाने में क्या कोई कमी रह गई थी जो हमसे होड़ लेने नए-नए बंदे मार्केट में उतर आए हैं। दूसरी ओर खुशी इस बात का कि मीडिया की तुलना में जलकर मरने वालों की संख्या समुद्र में एक बूँद के बराबर भी न थी। पहले बंदूकें ईमानदार थी, इसलिए बदनाम थी। शोर-शराबा ज्यादा होता था। आज बंदूकें मीडिया का साइलेंसर लगाकर चलाई जा रही हैं। कभी हिंदू-मुस्लिम का बुलेट तो कभी अजान-चालीसा का बुलेट लिए। बहुत दिनों बाद आज मीडिया वाले स्टूडियो के बाहर की दुनिया दिखाने वाले थे। नहीं तो दिन भर स्टूडियो में चार-पाँच छोटी-छोटी खिड़कियों में से झांककर देखने वाले चेहरों के साथ बात करने में अपने पिछ्वाड़े की धन्यता समझते थे। एक रिपोर्टर अपने कैमरामेन के साथ घटनास्थल पर पहुँचा तो कई जलकर राख हो गई लाशों में से किसी एक की रीढ़ की हड्डी दिखाई दी। यह देखने की देर थी कि मीडियाभर में तहलका मच गया कि मरने वाला रीढ़धारी था। मांस के लुथड़ों में रहने वालों के बीच रीढधारी का होना बलात्कारियों के बीच एक भोली-भाली अबला का होना था। देश में वैसे तो रीधधारी बचे नहीं, जो बचे वह तो तर्क के साथ बहस करने वाले थे। मीडिया के अनुसार रीढ़ वाले प्रश्न करते हैं। तर्क-वितर्क करते हैं। बढ़ती कीमतों पर सरकार को लताड़ते हैं। पेट्रोल-डीजल-गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने पर आए दिन हंगामा करते हैं। ऐसी प्रवृत्ति वाले देश के विकास के लिए घातक होते हैं। ये लोग जुमलों को पकड़ने में तेज, दाढ़ी में से तिनका निकालने में समर्पित और अच्छे दिन बोलने वालों की बैंड बजाने वाले हैं। ऐसे लोग आतंकवादी होते हैं जो दूर की हाँकने वालों को अपने तार्किक विचारों से धराशायी कर देते हैं। किसी भी देश का विकास रीढ़ की हड्डी वालों से नहीं रंग-बदलने वाले गिरगिटों से होता है। ये गिरगिट आए दिन इतने रंग बदलते हैं कि चुनाव के पहले वे आपको बुरे लगते हैं जबकि चुनाव के दिन वे ही देशभक्त लगते हैं। अब ऐसे देशों के समूह ने रीढ़ वालों को देखते ही भुनने का आदेश जारी कर दिया गया है। वैसे इस आदेश से किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि उन्हें दाल-आटे, तेल की चढ़ती कीमतों के बीच रहने के लिए अपनी रीढ़ कब की गायब कर ली है।

# जानें सनग्लासेस चुनने का सही तरीका

सनग्लासेज केवल फैशन के लिए ही नहीं बल्कि जरूरत के भी पहनने की सलाह दी जाती है. अगर फेस शेप के मुताबिक सही धूप के चश्मे को न चुना जाए, तो आपका लुक खराब होने के साथ ही आंखों की देखभाल भी नहीं हो पाती. चौकोर चेहरे वाले लोगों को कैट-आई वाले फ्रेम, ओवल फ्रेम और राउंड फ्रेम वाले चश्मे को चुनना चाहिए. यह आपकी लुक को निखारने में मदद करेगा.

हार्ट शेप वाले चेहरे के लिए क्लबमास्टर फ्रेम, राउंड फ्रेम और कैट-आई फ्रेम चुनना चाहिए. दिल के आकार के चेहरों के लिए धूप के चश्मे में कैट-आई फ्रेम शामिल हो सकते हैं, जो रेट्रो टच देते हैं और खूबसूरती को निखारते हैं. ओ-ब्लॉन्ग शेप वाले चेहरे के लिए रैपअराउंड स्टाइल वाले चश्मे बेहतरीन लग सकते हैं. इसके अलावा बटरफ्लाई शेप वाले फ्रेम्स भी एक बेहतर विकल्प है. गोल चेहरे के लिए ब्राउनलाइन फ़्रेम, ज्योमेट्रिक फ्रेम, स्क्वायर फ्रेम वाले चश्मे बेहतर विकल्प हैं. चेहरे की मासूमित को बैलेंस करने के लिए गोल चेहरे वाले लोग इन अलग-अलग शेप वाले सन ग्लासेज को चुनें.

छोटे चेहरे वाली महिलाओं के लिए रेक्टैंगुलर फ्रेम, गोल फ्रेम और ओवरसाइज्ड फ्रेम के सनग्लासेज बढ़िया विकल्प हो सकते हैं. छोटे चेहरे वाली महिलाओं को ऐसे फैशन ऑप्शन्स अपनाने चाहिए जो उनके फेस को निखारें.

अंडाकार यानी ओवल शेप वाले चेहरे के लिए वेफेरर, एविएटर्स और कैट-आई वाले फ्रेम्स सूट करते हैं. इस तरह के चश्मे को पहनने से फेस शेप का बैलेंस बनाए रखने और स्टाइलिश दिखने में मदद मिलती है.

बाल चिंतन

# बच्चों के आत्मघाती कदम से कब मिलेगी मुक्ति

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा



छात्र - छात्राओं में बढ़ती हुई आत्मघात की प्रवृत्ति सामयिक चिंता का विषय है । विगत कुछ वर्षों में विद्यार्थियों द्वारा आत्मघात की संख्या में क्रमशः हो रही वृद्धि निश्चित ही मानवीय समाज के लिए अलार्मिंग मानी जानी चाहिए ! आत्मघात की बढ़ती प्रवृत्ति के पीछे कोई एक कारण उत्तरदाई नहीं है ! विभिन्न तरह की अवसाद की स्थिति के चलते आत्मघातों की संख्या के आधार पर उनके निराकरण के प्रयास बुद्धिजीवी वर्ग को करने होंगे। प्रतिदिन समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाली खबरों के आधार पर कहा जा सकता है कि आत्मघात के कारणों में व्यक्तिगत , पारिवारिक , शैक्षणिक , सामाजिक , शासकीय ,नीतिगत तथा आर्थिक कारण अपना नकारात्मक प्रभाव दिखा रहे हैं ! पृथक - पृथक कारणों से स्वयं को माता - पिता अथवा वर्तमान समय की अपेक्षाओं के अनुसार सफल न होने के भय से कुंठा तथा हीन भावना अंततोगत्वा विद्यार्थियों के दिलों - दिमाग में अवसाद के रूप में गहरी पैठ बना रही हैं ! खुद पर विश्वास न रखने के कारण अंततः मानवीय समाज को अपने बेटे - बेटियों को खोना पड़ रहा है ! अभी छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के उपरांत आत्मघात की कुछ घटनाओं ने मुझे झकझोर दिया है ! मैने अपने जीवन के लगभग चार दशक अध्यापन कार्य में गुजारे हैं । इस तरह की घटनाएं पहले नगण्य थीं , किंतु अब दिल - दहलाने तक पहुंच गई हैं !

विद्यार्थियों में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं के पीछे मैंने जो अनुभव किया उसमें सबसे पहले पढ़ाई का लक्ष्य पूरा न हो पाने के कारण जागृत असफलता का भाव , अपने सह - पाठियों से प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाना , मुझे दिखाई पड़ रहा है। साथ ही किसी विषय विशेष में स्वयं को कमजोर पाने पर अवचेतन में निर्मित भय और हीनता का भाव दुःखद परिणाम तक ले जा रहा है ! हम यह जानते हैं कि विद्यार्थियों का मन अत्यंत कोमल होता है । साथ ही संवेदनशीलता भी अत्यधिक होती है । उनके किसी कार्य के प्रति , प्रतिकूल टिप्पणी या डांट - फटकार से उत्पन्न तनाव उन्हें अपराध बोध की जंजीरों में जकड़ लेता है । इस संदर्भ में एक कारक इस रूप में भी सामने आता रहा है - कि समृद्ध परिवार द्वारा अपने बच्चों को जरूरत से ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ! वहीं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी अभावों में रहते हैं ! इन दोनो ही स्थितियों में उनका शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ विकास नहीं हो पा रहा है ! इसी कारण वैचारिक असंतुलन की स्थिति निर्मित हो रही है । दूसरी बड़ी बात यह भी है कि विद्यार्थी अपनी क्षमताओं का आंकलन नहीं



कर पा रहे हैं ! यही कारण है कि उनके अंदर स्व-निर्णय की क्षमता का विकास नहीं हो पा रहा है । यह भी देखने में आ रहा है कि विद्यार्थियों में बिना अपेक्षित प्रयास , परिश्रम तथा योग्यता के शीघ्र ही सफल होने की महत्वाकांक्षा , सफलता न मिलने पर नैराश्य की स्थिति पैदा कर रही है ! वर्तमान के भौतिकवादी परिवेश में विकसित नकारात्मक सोच के कारण कठिनाई एवं समस्याओं का सामना करने का साहस भी विद्यार्थियों में घर कर गया है । इसके अलावा धैर्य तथा सहनशीलता की कमी के कारण परिस्थितियों से सामंजस न बैठा पाना भी आत्मघाती हो रहा है । सूचना एवं संचार क्रांति के इस युग में युवा पीढ़ी की सोशल मीडिया में अत्यधिक सक्रियता और इंटरनेट आदि के विवेक हीन प्रयोग के कारण अपेक्षित गंभीरता का अभाव परिलक्षित है । एक सच्चाई जिसे लिखना मेरे लिए उचित प्रतीत नहीं हो रहा है , किंतु किशोरावस्था को सचेत करने कहना पड़ रहा है कि युवा विद्यार्थियों में अध्ययन के अतिरिक्त प्रणय- प्रसंगों में आबद्धता इस कदर भूत बनकर सवार है कि उन्हें इसके अलावा सब बेकार नजर आता है । प्रणय- प्रसंग में असफल हो जाने पर उद्वेलित होकर उनके द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जा रहे हैं ! जहां तक मैं समझता हूं इस मामले में गुड पेरेंटिंग अच्छे परिणाम दे सकती है । वर्तमान भाग - दौड़ वाली जिंदगी में माता - पिता दोनो सेवारत होने के कारण घर पर बच्चों के साथ समय नही बिता पा रहे हैं । उनके अंतर्मन में चल रही द्वंदता को दूर करने की पालकों की कमी भी इसके लिए जवाबदार ठहराई जा सकती है । इसे नकारा नहीं जा सकता है कि हमारी सामाजिक संरचना में परिवार एक महत्वपूर्ण इकाई है । संयुक्त परिवारों का विघटन तथा एकल परिवारों का प्रचलन और इससे उत्पन्न वातावरण का प्रभाव बच्चों पर नकारात्मक रूप से असर दिखा रहा है ! मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि माता - पिता एवं संतान के बीच संवाद हीनता के कारण बच्चा अपने मन की बात या समस्या अन्य के साथ साझा नहीं कर पा रहा है ! यह एक बड़ा कारण है जो बच्चों को गलत मार्ग में जाने विवश कर रहा हैं !

बच्चों में बढ़ रहे आत्मघाती विचार के लिए काफी हद तक पालक जिम्मेदार ठहराए जा सकते हैं ! बच्चों की रुचि एवं क्षमता के अनुरूप कैरियर चुनने की स्वतंत्रता न मिलना भी अहम कारण है ! परिजनों द्वारा अपने नजरिए से पाठ्यक्रम - विषय का चयन किया जा रहा है । रुचि के विपरीत अभिभावकों के दबाव के कारण बच्चों में अंतर्निहित प्रतिभा को प्रकट करने का असर समाप्त किया जा रहा है ! यही कारण है कि दबाव पूर्वक लिए गए विषय में असफल होने पर उनके अंदर कुंठित भावना पैदा हो रही है ! साथ ही बच्चों की दिनचर्या पर अभिभावकों का ध्यान लगभग शून्य है ! अव्यवस्थित दिनचर्या बच्चों के प्रदर्शन को प्रभावित कर रही है ! एक और कारण जो मुझे नजर आता है , वह है पालकों द्वारा बच्चे की इच्छा के बगैर अध्ययन - कोचिंग हेतु घर से दूर भेज देना ! इस स्थिति के चलते बच्चों में होम सिकनेस की समस्या पैदा हो रही है ! वे माता - पिता से डर के कारण अपने मन की बात उनसे नहीं कह पाते हैं , और न ही वापस आ पाते हैं ! इसका नकारात्मक परिणाम अकेलेपन के कारण अवसाद के रूप में सामने आ रहा है ! आज के अभिभावक के मन में यह विचार स्थाई रूप से बैठ चुका है कि उन्होंने अपने जीवन में जो प्राप्त नहीं कर पाया , वे अपने उन सपनों को बच्चों से पूरा कराना चाहते हैं ! इसी तरह की थोपी गई इच्छा के कारण बच्चे तनाव में आकर कुंठाग्रस्त हो रहे हैं ! आत्मघाती निर्णय की जब हम बात कर रहे हैं तब राजस्थान के कोटा शहर की बात न आए , यह नहीं हो सकता ।

मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के उद्देश्य से कोटा में कोचिंग करने वाले प्रतिभावनों की बात करूं तो पैरों के नीचे धरती हिलती नजर आती है ! वर्ष 2023 के शुरुआती महीनों में ही कोटा में लगभग 20 छात्रों ने आत्महत्या कर ली ! हम यदि विश्व स्तर के मामलों को छोड़कर केवल भारतवर्ष की बात करें तो एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि 2021 में भारतवर्ष में 13 हजार से अधिक बच्चों ने मौत को गले लगा लिया ! मैं यदि इन आंकड़ों के आधार पर प्रतिदिन की मौत का औसत आंकलन करूं तो यह 35 छात्र के रूप में प्राप्त होता है , अर्थात प्रतिदिन एक से अधिक बच्चे ने हमें विचलित किया है ! माता - पिता की थोपी गई इच्छाशक्ति के चलते शायद हमें जल्द ही इन आत्मघाती विचारों से मुक्ति नहीं मिलने वाली है।

एक नजर

### परेशानी में फंसे लोगों का साथ देना मेरा स्वभावः मानिकपुरी

**छूरिया 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन



कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा कि आगे चलते हुए साथ में चलना और परेशानी में फंसे हुए लोगों का नेतृत्व करके उन्हें उनके हक की रोजी-रोटी उपलब्ध कराना सौभाग्य मानते हैं। वर्ष 2014 से लगातार शोषित, पीड़ित, प्रताड़ित लोगों को जागरूक करने, उन्हें वाजिब हक दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें निजी क्षेत्रों में सहित शासकीय,अर्धशासकिय क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोग शामिल हैं। आज के दौर में शासकीय कर्मचारी ज्यादातर राजनीतिक लोग और वसूली बाज पत्रकारों से प्रताड़ित हो रही है वहीं दूसरी ओर भ्रष्ट अधिकारियों के निजी स्वार्थ के चलते गरीब श्रमिकों के हक मारकर अपने रिश्तेदारों के पालन पोषण पर ध्यान देते हैं। विगत दिनों की बात है जब कुछ दैनिक वेतन भोगियों को काम से बंद कर अपने अपने रिश्तेदारों को कार्य करा रहे अधिकारी कर्मचारियों के विरोध करने कार्यलय घेराव की जानकारी दी गई थी। सभी लोगों को घेराव करने जाना था और सब पहुंचे भी लेकिन सुरक्षा में तैनात भारी संख्या में पुलिस बल को देखकर उन सबके मन में असहज महसूस होने लगा था। सभी ने बड़ी सहयोग की भाव से देखने लगा।

### चावल चोरी मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं

**सुकमा 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । शासकीय उचित मूल्य की दुकान चिंतलनार गोदाम से 200 बोरी चावल चोरी होने के बाद दिनांक 29/12/2023 को खाद्य निरीक्षक अधिकारी हरिशंकर साहू के खिलाफ शिकायत के बाद भी आज पर्यन्त तक कोई ठोस कारवाई नहीं हुआ जांच हुआ, लेकिन खानापूर्ति कर ठंडे बस्ते में चला गया मामला खाद्य विभाग के अधिकारी से इस मामले जानकारी लेने से कोई पुख्ता जानकारी न दे रहे हैं अगर जांच हुआ तो हमें जांच प्रतिवेदन मांगने पर कोई जवाब नहीं मिलता न ही फोन उठाते हैं न आफिस में मिलते हैं आखिर ऐसे बड़े बड़े मामलों पर आखिर कारवाई क्यों नहीं होती, अगर वही छोटे लोग होते तो पता नहीं उनके साथ क्या होता।

### प्रतिस्पर्धा संस्कृति को बढ़ावा देने आयोग का गठन

**धमतरी 18 मई।** व्यापार एवं कारोबार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिस्पर्धा आयोग भारत सरकार का गठन किया गया है। इसके मद्देनजर उपभोक्ता कल्याण में वृद्धि समग्र आर्थिक विकास एवं कारोबार में नवाचार के विजन को प्रतिस्पर्धा अधिनियम-2002 यथा संशोधित 2023 के अनुपालन की जानकारी देने के लिए बीते दिन जिला पंचायत समा कक्ष में हितधारकों जैसे विभिन्न औद्योगिक इकाईयां शासकीय विभाग के अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गयी। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में राज्य के रिसोर्स पर्सन श्री डी.आर. वाधवानी पूर्व अपर संचालक उद्योग द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न परिभाषाओं एवं अनुबंध तैयार करने में सावधानियां बाजार तथा बोली में हेर-फेर संबंधी शिकायतों की प्रक्रिया एवं निराकरण की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही उसके लिए आवश्यक अभिलेखों को प्रस्तुत करने के तरीकों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला में उद्योग विभाग के महाप्रबंधक श्री एस.पी. गोस्वामी, नगर निगम आयुक्त श्री विनय पोयाम, खाद्य अधिकारी श्री बसंत कोर्राम, जिला विपणन अधिकारी श्री सुनील राजपुत, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी श्री छाबड़ा एवं राइस मिल एसोसिएशन के श्री राजू लुकंड, श्री अनिल चंद्राकर, श्री नवीन सांकला, श्री राजेश गोलछा सहित 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।

### आईएफसी ने एचडीएफसी बैंक को 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर वित्तपोषण की सहायता दी

**रायपुर 18 मई।** महिलाओं, विशेष रूप से अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सूक्ष्म ऋण उधारकर्ताओं को भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक को 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक के आईएफसी वित्तपोषण के साथ वित्त तक पहुंच करने में सहायता होगी। इसका लक्ष्य देश में वित्तीय समावेशन और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, आय सृजन उद्देश्यों के लिए ऋण देने में सहायता करना है। महिलाओं को ऋण देने के लंबे इतिहास वाला बैंक, सतत आजीविका पहल (एसएलआई) में नामांकित स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और ज्वाइंट लायबिलिटी ग्रुप (जेएलजी) को सूक्ष्म ऋण के रूप में आगे ऋण देने के लिए आईएफसी के वित्तपोषण का उपयोग करेगा।

# जिले में 21 मई से 15 जून तक मनाया जायेगा जल जगार उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 18 मई।** जिले में आगामी 21 मई से 15 जून तक जल जगार उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जलशक्ति अभियान प्रशिक्षण में अधिकारियों को जल संरक्षण की दिशा में मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'कैच द रैन' के तहत जिले में रैन वाटर हार्वेस्टिंक सिस्टम बनाया जाना है, इसके लिए 15 जून के पहले ही स्ट्रक्चर बनाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। साथ ही जहां रैन वॉटर सिस्टम खराब हो गए उनकी मरम्मत कराने और अधूरे स्ट्रक्चर को पूरा करने कहा। उन्होंने कहा कि पूर्व में भवनों के पास बने सभी संरचनाओं का जियो टैग भी अनिवार्य रूप से किया जाये।




बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में सर्वे कर जिन स्थानों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं है, उन क्षेत्रों में 15 जून तक इस कार्य को पूरा करने कहा। इसके अलावा रेस्ट हाउस, राशन दुकान, बड़े स्कूल, पुलिस थाना, होमगार्ड, रेस्टोरेंट, मंदिर जैसे जगहों में अनिवार्य रूप से बोरवेल रिचार्ज करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिन स्थानों पर बोर बंद पड़े हैं, उन्हें चिन्हांकित कर रिचार्ज के लिए कार्य करें और इसका जियो टैग करें। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जल जगार के लिए गांवों के 5-5 घरों से निकलने वाले पानी को एकत्रित कर वाटर स्ट्रक्चर तैयार करना है। इसके लिए खनिज विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा जल स्त्रोतों की सफाई, वृक्षारोपण के लिए गड्ढे और रैन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए स्ट्रक्चर साईज के बारे में भी पूछा।

कलेक्टर ने कहा कि नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत एनआरएलएम, स्व सहायता समूह आदि की महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ा जाये तथा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले शाला प्रवेश उत्सव में भी पानी की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये जायें। जल शक्ति केन्द्र गंगरेल में स्थापित करें तथा जो कार्य किये जाने उसकी एंट्री पोर्टल पर अभी से करना शुरू कर दें। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए पानी बचायें। आप सभी अधिकारी अपने आसपास और अन्य लोगों को पानी बचाने और उसका सदुपयोग करने के लिए जागरूक करें। इसके अलावा सभा, कैम्प, मनरेगा कार्यस्थल आदि में भी जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, नगरनिगम आयुक्त श्री विनय पोयाम, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल, नगरी श्री पवन प्रेमी और कुरूद श्री डी.डी.मण्डावी, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन कोड 38 श्री आशुतोष सारश्वत, कोड 90 श्री आर.एल.देव तथा बांध संभाग क्रमांक 2 के कार्यपालन अभियंता श्री बी.के.मगेन्द्र, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के अंत में अधिकारियों ने जल बचाने के लिए शपथ भी ली। शपथ में कहा गया कि हम पानी बचाने और उसके सही इस्तेमाल, पानी की हर बूंद का ख्याल रखेंगे, ''कैच द रेन'' अभियान को बढ़ावा देंगे, पानी को अनमोल संपदा मानेंगे और इसका सही इस्तेमाल करेंगे., हम अपने परिवार, पड़ोसियों और अधिकारियों को भी पानी का सही इस्तेमाल करने और उसे बर्बाद न करने के लिए प्रेरित करेंगे, यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकते हैं और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं।

# मगरलोड पुलिस ने किया मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मगरलोड 18 मई।** मगरलोड थाना क्षेत्र में कुछ महिनो से मोटर सायकल चोर गिरोह सक्रिय होकर मोटर सायकल चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था, जिस पर थाना मगरलोड में अपराध कमांक 01/24, 81/24, 114/24, 164/24 धारा 379 भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान मगरलोड पुलिस द्वारा आरोपियों की पता साजी के लिए लगातार मुखबिर सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज सहित तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से की जा रही थी। इसी तारतम्य मे दिनांक 16.05.24 को बिना नंबर प्लेट वाली अलग-अलग तीन मोटर सायकल में दो-दो व्यक्ति बैठकर ग्राम पण्डरीपानी की ओर जा रहे थे, जिसे चोरी की मोटर सायकल होने के संदेह पर रोककर मो.सा. के संबंध में पूछताछ कर आर.सी. बुक पेश करने कहा तो मो.सा. सवारों का जवाब संतोषप्रद नही मिलने से आरोपीगण को थाना लाकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया, जिसमें आरोपीगण अपना जुर्म स्वीकार



करते हुये बताये कि करीबन 02-03 माह पूर्व मधुबन मेला में मोटर सायकल चोरी करने की योजना बनाकर कुरूद, राजिम, कोपरा, महासमुंद, करेलीबड़ी, मगरलोड के क्षेत्रों को टारगेट करते हुये चोरी की घटना को अंजाम दिये। आरोपीयों द्वारा ग्राम तर्रा कोपरा से दो हिरो ॥स्र डिलक्स मोटर सायकल, ग्राम मोहेरा से हिरो छ्ष्ठ डिलक्स, एंव एचएफ डिलक्स मोटर सायकल, करेलीबड़ी से होण्डा ड्रीम युगा, ग्राम परसाबुड़ा से हीरो पैसन प्रो. राजिम बस स्टैण्ड से हिरो ॥स्र डिलक्स मोटर सायकल, महासमुंद से एक लाल स्कूटी हिरो ड्यूट, ग्राम कपालफोड़ी से होण्डा हारनेट, ग्राम दुधवारा से हिरो ॥स्र डिलक्स, ग्राम कुण्डेल से हिरो ॥स्र डिलक्स, श्यामनगर राजिम से हिरो ॥स्र डिलक्स, मधुबन मेला से हिरो स्पलेण्डर, ग्राम परतेवा राजिम से हिरो ॥स्र डॉन, कुरूद से बजाज पल्सर को चोरी कर मोटर सायकल का पहचान छुपाने के लिये नंबर प्लेट निकालकर इस्तेमाल करना बताने से उक्त सभी मोटर सायकलों को आरोपियों के कब्जे से बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। जप्त वाहन में कुछ मोटर सायकलों के मालिकों का नाम पता अज्ञात होने से धारा 41 (1+4) दप्रस/379,201,34 भादवि. का इस्तगाशा तैयार कर वाहन स्वामी की पता तलाश किया जा रहा है एवं आस-पास के जिले एवं थानों से भी चोरी के दर्ज अपराध के संबंध में जानकारी ली जा रही है।जिससे और भी अपराध खुलने की संभावना है।

### इकाईयों के पंजीयन के लिए रोस्टर निर्धारित

**धमतरी 18 मई।** सूक्ष्म एवं औद्योगिक इकाईयों को केन्द्रीय भू-जल बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन करने के लिए कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 66 में स्थित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में सहायता केन्द्र (हेल्प डेस्क) की स्थापना कर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। धमतरी और नगरी विकासखण्ड के लिए प्रबंधक श्री प्रशांत चन्द्राकर, मोबाइल नंबर 81037-18222 और कुरूद एवं मगरलोड विकासखण्ड के लिए प्रबंधक श्री डी.पी.साहू, मोबाइल नंबर 84355-58175 की ड्यूटी लगाई गई है। आवेदन के लिए निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र, इकाई का पेन कार्ड, इकाई का उद्यम पंजीयन या उत्पादन प्रमाण पत्र, इकाई का ईमेल आईडी, शेड भवन का आकार, मोबाइल नंबर और इकाई का सील इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

## आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन के तहत आवेदन 24 मई तक

**धमतरी 18 मई।** शिक्षा सत्र 2024-25 में आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन के तहत वाणिज्य शिक्षण केन्द्र दुर्ग (कन्या) में प्रवेश लेने के लिए अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक छात्राओं से आवेदन मंगाए गए हैं। इसके मद्देनजर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले के ऐसे इच्छुक छात्राओं, जो कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण एवं विज्ञान अथवा वाणिज्य विषय के साथ आगे की पढ़ाई करना चाहती है, वे आगामी 24 मई तक कलेक्टोरेट स्थित आदिवासी विकास विभाग में आवेदन कर सकतीं हैं। इस संबंध में दिशा-निर्देश और अन्य जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।सहायक आयुक्त ने बताया कि विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र दुर्ग छात्राओं का आवासीय परिसर (छात्रावास) है। छात्राओं के अध्ययन के लिए दुर्ग जिले के शासकीय महाविद्यालयों में पहले प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रवेश प्रक्रिया स्नातक बीएससी/बीकॉम के प्रथम वर्ष में ही होगी। दुर्ग जि के शासकीय महाविद्यालयों में जून 2024 से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रहा है।

## जितेंद्र साखरे को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 18 मई।**स्थानीय युवा शिक्षाविद असिस्टेंट प्रोफेसर जितेंद्र कुमार साखरे को डॉक्टर आफ फिलासफी की उपाधि से सम्मानित किया गया है हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से प्राप्त पत्र के अनुसार जितेंद्र साखरे को यह उपाधि बस्तर की आदिवासी संस्कृति पर आधुनिकता एवं विकास का प्रभाव तथा पर्यावरणीय संपोषणीयता एक ऐतिहासिक विश्लेषण पर दिया गया है उन्होंने 1960 से 2015 तक बस्तर की आदिवासी संस्कृति पर आधुनिकता एवं विकास का क्या प्रभाव पड़ा है तथा पर्यावरण के संपोषण में बस्तर के आदिवासियों का क्या योगदान है इस विषय पर पीएचडी की है। 24 अक्टूबर 2018 को इसके लिए विधिवत उन्होंने रजिस्ट्रेशन कराया तथा 6 नवंबर 2023 को पीएचडी के लिए अपना शोध पत्र जमा किया। बीते दिवस ही उनका वाईवा भी हुआ तथा दूसरे ही दिन उन्हें पीएचडी की उपाधि से सम्मानित कर दिया गया। इस विषय पर पीएचडी करने वाले इस संभाग के वे पहले युवा हैं। अभी वह अपनी सेवाएं खैरागढ़ के शासकीय रानी रश्मि देवी कॉलेज में प्राचार्य



के रूप में दे रहे हैं। श्री साखरे दो बार राष्ट्रपति वह तीन बार उपराष्ट्पति पुरस्कार प्राप्त रोवर लीडर भी हैं स्काउट में अनेकानेक गतिविधियों के लिए वे सम्मानित होते रहे हैं उन्हें मिली इस उपाधि के लिए बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। वे स्काउट गाइड फैलोशिप के सम्मानित सदस्य भी हैं उन्हें मिली इस उपाधि पर परिवारजनों शुभचिंतकों मित्रो ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना भी की है। उन्हें बधाई देने वालों में स्काउट गाइड के स्टेट चीफ कमिश्नर डॉक्टर सोमनाथ यादव स्टेट कमिश्नर गोपाल खेमुका स्टेट सेक्रेटरी कैलाश सोनी सरदार जसवीर बन्नोआना अजय बिंदल बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने बधाइयां दी हैं।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली गई जनजागरूकता रैली

**धमतरी 18 मई।** जिले में डेंगू से बचाव और रोकथाम के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर 'सामुदाय से डेंगू नियंत्रण करें' थीम पर बीते दिन जनजागरूकता रैली निकाली गई। मितानिनों द्वारा निकाली गई इस रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद मितानिनों की संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें डेंगू के लक्षण और इससे बचने के उपाय के बारे में बताया गया।

जिला नोडल अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक ने डेंगू दिवस पर प्रोजेक्टर के माध्यम से मितानिनों को डेंगू के लक्षण, इसके प्रभाव और गंभीर स्थिति में बचने के उपाय की बारीकी से जानकारी दी तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गृह भेंट कर स्वास्थ्य शिक्षा व संभावित जगहों पर लार्वा नष्ट करने की कार्यवाही करने कहा गया। डेंगू के लक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि अचानक तेज सिर दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना, जी मितलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह, मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर चकत्ते उभरना इत्यादि है। गौरतलब है कि डेंगू से नियंत्रण के लिए जिले के शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में लार्वी साइड ''टेमीफॉश'' एवं ''बी.टी.आई.'' का छिड़काव किया जा चुका है। इसके अलावा मगरलोड और नगरी क्षेत्र में डीडीटी पाउडर का छिड़काव किया जा चुका है।



समाचार संक्षेप

### छ:ग भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्षों की टीम ने बिहार के कैबिनेट मंत्री से की मुलाकात



**गीदम 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छ:ग की भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्षो की टीम ने पटना में बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन से श्रीष्टाचार भेंट की और बिहार के अनेक जिलों में लोकसभा चुनाव के तहत कार्य के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। गौरतलब है कि भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के नेतृत्व में इन दिनों छ:ग की महिला मोर्चा की टीम बिहार में चुनाव प्रचार करने रवाना हुई थी इस दौरान पटना प्रवास में केबिनेट मंत्री से भेंट मुलाकात हुई । महिला मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों से आत्मीय मुलाकात एवं जिला के वरिष्ठ पदाधिकारियों से भेंट उपरांत अपने प्रभार जिले में कार्य के लिए महिला मोर्चा की टीम अलग-अलग जिलों में प्रस्थान हुई ।

### आईएफएस में चयन होने के पश्चात गीदम नगर आगमन पर प्रीति यादव का भव्य स्वागत



**गीदम 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गीदम निवासी बालमुकुंद यादव (सब इंस्पेक्टर कृषि उपज मंडी) एवं मुराती यादव की सुपत्री प्रीति यादव ने यूपीएससी द्वारा आयोजित वन सेवा परीक्षा में 63वां स्थान प्राप्त किया, प्रीति यादव का आगमन जब शुक्रवार को गीदम में हुआ तो विधायक चैतराम अटामी समेत पूरे नगरवासियों ने मिलकर बस्तर के पारम्परिक ढोल नृत्य एवं आतिशबाजी के साथ अपने समर्थको के संग पहुंचकर नगर पंचायत गीदम के सामने पुष्पमाला भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विधायक चैतराम अटामी ने कहा की प्रीति यादव ने दंतेवाड़ा जिले का नाम रौशन किया है। एवं जिलेवासियों को गौरान्वित होने का अवसर दिया है। विधायक चैतराम अटामी ने कहा की प्रीति यादव ने एक साधारण परिवार से होने के बाद भी कड़ी मेहनत कर जो सफलता हासिल की है उसके लिए मैं पूरे यादव परिवार को बधाई देता हु ये परिवार समेत पूरे दंतेवाड़ा जिले के लिए गौरव की बात है । दंतेवाड़ा जैसे संवेदनशील जिले से भी पढ़ कर आप सफलता हासिल कर सकते है अगर आप में जज्बा हो,सहनशीलता हो,लग्न हो तो आप जो सोचे वो हासिल कर सकते है इसका उदाहरण दंतेवाड़ा जिले की बेटी प्रीति यादव ने पेश किया है। इस दौरान भारी संख्या में नगरवासी भी उपस्थित रहे।

### डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन



**कोंडागांव 18 मई।** भारतीय डाक विभाग द्वारा उपडाकघर कोंडागांव में 17 मई शुक्रवार को डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन में मुख्य रूप से श्री आरपी वर्मा सर जी अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग , सुनील कुमार मलोथू सहायक डाक अधीक्षक, प्रीतम गुप्ता मैनेजर आईपीपीबी, आरएस मिश्रा उप संभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव (एक), शत्रुघन निषाद उपडाकपाल कोंडागांव उपस्थित रहे। इस मौके पर अधीक्षक महोदय के द्वारा मालाकोट के एक बीमाधारक के मृत्यु दावा की राशि नॉमिनी पुत्र सुनील मरकाम को 104800 रुपये प्रदान की गई बीमाधारक सेजुराम मरकाम द्वारा जून 2023 में 1 लाख का आरपीएलआई का बीमा खरीदा, और कुछ ही महीने अर्थात 6 माह बाद नवम्बर 2023 में अचानक स्वास्थ्य खराब होकर मृत्यु हो गई, जिस पर त्वरित निराकरण करते हुए 3 से 4 माह के भीतर क्लेम स्वीकृत किया गया। इस पर नॉमिनी सुनील मरकाम ने डाक विभाग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। आज के डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम में कुल 1 करोड़ 20 लाख का ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं 150 से अधिक बचत खाता के प्रस्ताव फार्म जमा किये गए।

### ऑनलाईन आरटीई पोर्टल से अशासकीय स्कूलों में प्रवेश के लिए लॉटरी एवं आबंटन 20 मई से

**रायपुर, 18 मई।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आर.टी.ई.) अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयो में आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन, भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में लॉटरी एवं आबंटन की कार्यवाही 20 मई से 30 मई तक की जाएगी और उसके बाद स्कूल में दाखिला की प्रक्रिया 1 जून से 30 जून तक होगी। आर.टी.ई. के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही के लिए निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार द्वितीय चरण के लिए नवीन स्कूल पंजीयन (आवेदन) और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन कार्य 15 जून से 30 जून तक किया जाएगा।

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने चांदनी चौक की ट्रैफिक व्यवस्था का किया मुआयना

# ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाए रखने जनता के साथ व्यापारी भी करें सहयोगः कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 18 मई।** शहर के व्यवस्तम मार्ग चांदनी चौक से एसबीआई चौक तक के मार्ग को व्यवस्थित यातायात सुविधा के लिए प्रायोगिक तौर पर वन-वे जिला प्रशासन द्वारा किया गया था। नागरिकों और व्यापारियों की सुविधाओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा वन-वे व्यवस्था को समाप्त किया गया। इस मार्ग में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए शुक्रवार की सुबह कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. और पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने मौका मुआयना कर अन्य विकल्पों पर व्यापारियों और नागरिकों से चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर श्री विजय ने कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए दो मार्गों को वन-वे किया गया था, जिसका जनता ने बहुत सहयोग किया। व्यवस्था बनाने के लिए जो कमी पेशी रही उनका चिन्हांकन किया गया है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए जनता के साथ





व्यापारी भी सहयोग करें। उन्होंने कहा कि चांदनी चैक में सभी मार्गो के लगाए गए ट्रैफिक सिंगनल की टाइमिंग को व्यवस्थित की जाएगी और व्यवस्था बनाने के लिए चांदनी चौक में लगे बेरीकेट्स को अभी यथावत रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने कहा कि इन मार्गों में व्यवस्तम समय में अधिक भीड़ रहती है, सुगम यातायात के लिए अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। साथ ही इन मार्गों में दुकानों के सामने अव्यवस्थित तरीके से वाहन पार्किंग करने वालों पर कार्यवाही भी किया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने मार्ग को पैदल चलकर मौका मुआयना किया और कन्हैया बीकानेर मिठाई दुकान के समीप स्थित नगर निगम के स्थल में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का भी जायजा लिया। पार्किंग स्थल में दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग जगह मार्क करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही चाँदनी चौक स्थित शराब दुकान को हटाने हेतु विकल्प के रूप में पुराने बस स्टैंड स्थित कमर्शियल कॉप्लेक्स के दुकानों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी, ट्रैफिक डीएसपी श्री संतोष जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# खरसिया के संकुलों में आयोजित हो रहा है समर कैम्प



**रायगढ़, 18 मई।** विकास खण्ड खरसिया में ग्रीष्म अवकाश के दौरान सभी विद्यालयों में समर कैंप का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकास खण्ड-खरसिया के संकुल केंद्र रॉबर्टसन, पामगढ़ एवं छोटे पंडरमुड़ा में समर कैंप का आयोजन कर विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियों को जोड़ा जा रहा है। सुबह 7 से 9.30 बजे तक आयोजित समर कैंप में छात्र-छात्राओं के लिये चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी, नृत्य, खेलकूद सहित अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन संकुल स्तर पर संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं शिक्षकों के सहयोग से आयोजित किये जा रहे हैं। समर कैंप में विद्यार्थी रुचि अनुरूप चित्रकारी, संगीत वादन-गायन एवं लाइफ स्किल सीख रहे हैं। जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला,जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र कुमार चौधरी, सहायक परियोजना समन्वयक भुवनेश्वर पटेल एवं ब्लॉक लेवल पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेश देवांगन, बीआरसी प्रदीप साहू के द्वारा समर कैंप की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।संकुल केंद्र पामगढ़ में आयोजित समर कैंप के मॉनिटरिंग के दौरान पहुंचे बीआरसी प्रदीप साहू ने बताया कि इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को उभारना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। इस कैंप में दूसरे स्कूल के बच्चे भी शामिल हो सकते हैं। इस शिविर में बच्चों को कई प्रकार की गतिविधियों के तहत नई चीजे सीखने का अवसर मिलेगा। बच्चों को सीखने-सिखाने की प्रवृत्ति से जोड़े रखने, आसपास की परिवेश का ज्ञान, स्थानीय त्यौहार, खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सतत सीखने की प्रवृत्ति को बनाये रखने के लिए राज्य शासन के द्वारा प्रारम्भ की गई अभिनव पहल है। समर कैंप का लाभ सभी विद्यार्थियों को मिले इसके लिए सभी शिक्षक, अधिकारी प्रयासरत हैं।

## समर कैम्प में होंगे तीन विशेष आयोजन



**रायगढ़, 18 मई।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के दिशा-निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में तीन दिवसीय विशेष समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विदित हो वर्तमान में 15 जून तक विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश प्रभावी है, इस दौरान बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर बहुमुखी विकास के लिए रचनात्मक गतिविधियां अपने स्कूल, संकुल स्तर या गांव/शहर के सामुदायिक स्थलों पर आयोजित किया जाना है।

जिले रायगढ़ में होने वाले समर कैंप के दौरान जिला, विकासखण्ड एवं स्कूल स्तर स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रथम विशेष आयोजन में प्रेरणादायक फिल्म दिखाई जाएगी। विशेष समर कैंप के द्वितीय विशेष आयोजन के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जिले में अवस्थित स्टील प्लांट्स, रेलवे स्टेशन, बैंक, एटीएम, पोस्ट ऑफिस जैसी सरकारी, अर्ध सरकारी सहित प्राइवेट लिमिटेड संस्थानों का एक्सपोजर विजिट कराते हुए इन विभिन्न संस्थानों की कार्यप्रणाली से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया जाएगा। तीसरे विशेष आयोजन समर कैंप में कैरियर गाइडेंस का आयोजन सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में किया जाएगा। कैरियर गाइडेंस का जिला स्तरीय कार्यक्रम सृजन सभा कक्ष में आयोजित किया जायेगा। जिसके अंतर्गत प्रोफेशनल कैरियर काउंसलर द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित कैरियर काउंसलिंग दी जाएगी। जिसमें आगामी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की सटीक तैयारियों, विभिन्न परीक्षाओं के अंतर्गत आने वाले विषयों के सही चयन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा विदित हो कि कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के द्वारा जारी आदेशानुसार जिले के सभी स्कूलों को 09 दिवसीय तिथिवार कार्यक्रम 20 से 30 मई 2024 तक समर कैम्प को आयोजित कराने की सम्पूर्ण जवाबदेही संकुल प्राचार्य एवं संबंधित संकुल के सीएसी को दी गई थी, इसमें समर कैंप के दौरान बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों जैसे चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध लेखन, गणित से जुड़ी मनोरंजक गतिविधियों, पहाड़ा याद कराना, कहानी लेखन, हस्त लिपि लेखन (हिंदी एवं अंग्रेजी), कर्सिव राइटिंग, नृत्य, इंडोर गेम जैसे चेस, चाइनीस चेकर,इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, मिट्टी के खिलौने बनाना, कागज से फूल बनाना, योगा, प्राणायाम, पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी, अपने गांव शहर के ऐतिहासिक स्थलों से परिचय जैसे गतिविधियों के साथ-साथ अपने स्तर पर रचनात्मक गतिविधियों का चयन करते हुए आयोजन किये जाने के निर्देश सभी स्कूलों को जारी किये गये है।

## एक नजर

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 मई से

**रायगढ़, 18 मई।** जिला मुख्यालय रायगढ़ में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का 21 दिवसीय आयोजन 20 मई से 9 जून 2024 के मध्य सुबह 6 से 8 बजे तक एवं सायं 5 से 7 बजे तक रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर में किया जाएगा। खेल प्रशिक्षण शिविर में बास्केट बाल, फुटबाल, ताइक्वांडो, वालीबॉल, तीरंदाजी, स्कैटिंग एवं क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। खेल प्रशिक्षण शिविर केवल जूनियर और सब जूनियर वर्ग के खिलाड़यों के लिए होगा। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, खेल संघ, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं व्यायाम शिक्षकों के माध्यम से दिया जाएगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु इच्छुक खिलाड़ी कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण, रायगढ़ में अपना पंजीयन करा सकते है। पंजीयन संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 97707-52697 एवं 81091-38905 में संपर्क कर सकते है। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक खिलाड़ियों को खेल सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्री तथा पानी बॉटल अपने साथ लाना होगा।

### गणन अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्व

**रायगढ़, 18 मई।** लोकसभा निर्वाचन-02 रायगढ़ (अजजा)अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमयगढ़ की मतगणना केआईटी महाविद्यालय गढ़उमरिया रायगढ़ में 4 जून 2024 को प्रातः 8 बजे से की जाएगी। आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के लिए गणन अभिकर्ता की नियुक्ति के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 47 एवं निर्वाचनों का संचालन नियम 1951 के नियम 52 के अनुसार गणन अभिकर्ता की नियुक्ति किया जाना है। रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के गणन अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु प्ररूप-18 को 2 प्रतियों में गणन अभिकर्ता के फोटो सहित गणना के 3 दिन पूर्व तक स्वयं अभ्यर्थी अथवा निर्वाचन अभिकर्ताओं द्वारा जमा किए जाने हेतु न्यायालय कलेक्टर, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 2 में निर्धारित की गई है। प्ररूप-18 प्राप्त करने तथा गणन अभिकर्ता की नियुक्ति किए जाने हेतु कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। इनमें श्री आलोक स्वर्णकार-सहा.परि.समन्वयक, रा.गां.शि.मि.रायगढ़ मोबा.नं.83196-37180, श्री सत्येन्द्र मेहर-सहायक ग्रेड-2 मोबा. नं.98271-71098, श्री विजय कुमार सरकार सहायक ग्रेड-2 मोबा. नं.98279-69977, श्री आनंद ठेठवार सहायक ग्रेड-3 मोबा. नं.78691-22550, श्री नेत्रानंद चौहान सहायक ग्रेड-3 मोबा.नं.78982-61559, श्री निमन खलखो मोबा. नं.94241-83575, श्री विकास मानिकपुरी मोबा. नं.87707-55274, श्री जगतराम मौर्य मोबा नं.70247-82075 एवं श्री दयाराम सिदार मोबा. नं.62654-49698 शामिल है।

### बिना अनुमति बोर खनन कर रही दो गाड़ियां जब्त



**रायगढ़, 18 मई।** रायगढ़ जिले में बोर खनन पर 10 मई से 15 जुलाई तक कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आदेश जारी कर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इस अवधि में बोर खनन करने के लिए संबंधित एसडीएम से पूर्वानुमति लेना आवश्यक है, बिना अनुमति के बोर खनन पर कार्यवाही किया जाएगा। इसी क्रम में पुसौर तहसील के कोतमरा गांव में बिना अनुमति के अवैध बोर खनन कर रही दो गाड़ियों को आज एसडीएम रायगढ़ के मार्गदर्शन में राजस्व अमले द्वारा जप्त किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी ने बताया कि तहसील पुसौर के कोतमरा गांव में बिना अनुमति के अवैध बोर खनन किया जा रहा था। मौके में सालिकराम बोर वेल बसना जिला महासमुन्द छ.ग.के द्वारा ग्राम त्रिभौना तहसील पुसौर के बंशीधर प्रधान को अपना ट्रक कमांक सीजी 04 सीपी 3972 एवं सहायक ट्रक कमांक टीएन 28 एएस 1902 को किराये में दिया जाना ज्ञात हुआ। उक्त दोनो बोर वेल यंत्र को मौके में मोहरमती सिदार के भूमि में बोर खनन करते पाया गया है। मौके में किसान तथा बोर वेल संचालक के द्वारा बोर खनन के संबंध में किसी प्रकार के अनुमति संबंधी दस्तावेज उलब्ध नही होना बताये जाने पर उक्त दोनों ट्रक/बोर वेल यंत्र को थाना पुसौर के सुपुर्द में सौपा गया। जिस पर नियमानुसार कार्यवाही हेतु उच्च कार्यालय को भेजा गया।

# पूर्व विधायक के प्रयास से समोदा-अछोला जल प्रदाय योजना ले रहा मूर्तरूप



**महासमुंद,18 मई।** पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर के कार्यकाल में क्षेत्र के बड़े विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई थी। जिसमें से प्रमुख विकास कार्यों में समोदाअछोला जल प्रदाय योजना भी शामिल था। श्री चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के समक्ष क्षेत्र की इस प्रमुख समस्या को रखा था। श्री चंद्राकर के भगीरथ प्रयासों से इस वृहद परियोजना की स्वीकृति पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में मिली थी। स्वीकृति के बाद 9 अक्टूबर 2023 को पूर्व संसदीय सचिव श्री विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने क्षेत्र के ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम अछोला में समोदा-अछोला जल प्रदाय योजना का शुभारंभ किया था। जिसका 50 प्रतिशत कार्य अब तक पूर्ण हो चुका है। उक्त योजना के तहत 48 गांवों तक शुद्ध जल पहुंचेगी। उक्त कार्य से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र की प्रमुख समस्या जल संकट का समाधान पूर्व विधायक श्री विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयासों से हुआ है। उनके कार्यकाल में स्वीकृत इस परियोजना के तहत शीघ्र ही हमारे क्षेत्र के 48 ग्रामों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। इसके लिए ग्रामीणों ने श्री चंद्राकर का धन्यवाद ज्ञापित किया है। ज्ञात हो इस योजना के तहत क्षेत्र के जिन 48 ग्रामों को पानी दिया जाना है उनमें अछोला, अमलोर, जलकी, छपोराडीह, अछरीडीह, परसाडीह, लहंगर, गढ़सिवनी, अचानकपुर, पासीद, सुकुलबाय, बनपचरी, बांसकुड़ा, घोड़ारी, तेंदुवाही, बंदोरा, अछोली, भोरिंग, सिरपुर, बिरकोनी, रायमुड़ा, पिरदा, बड़गांव, बेलटुकरी, कुहरी, बोरिद, करडीह, कुकराडीह, मालीडीह, जोबा, फुसेराडीह, पीढ़ी, खट्टीडीह, तेंदुवाही, मरौद, बिरबिरा, गुडरूडीह, सेनकपाट, खिरसाली, केडियाडीह, खमतराई, मोहकम, अमावश, चुहरी, रायकेरा, नांदबारू, केसलडीह, खड़सा आदि गांव शामिल हैं। उक्त सौगात पर क्षेत्र के ग्रामीण मोहन यादव, कमल साहू, तोमन ध्रुव गढ़शिवनी, चंद्रशेखर पुष्पाकर, पोखन साहू, रेखलाल चंद्राकर पीढ़ी, हेमंत ध्रुव, देवसिंग यादव जोबा, सतीश सोनकर, पुनाराम घृतलहरे, आनंद पटेल, संतोष साहू, गिरधर आवड़े आदि ने श्री चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है।

लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी निजात-इसी तरह श्री चंद्राकर के कार्यकाल में स्वीकृत मचेवा व ग्राम शेर में विद्युत सब स्टेशनों का कार्य पूर्ण हो गया है। मचेवा के 33/11 केव्ही विद्युत सब स्टेशन से सप्लाई शुरू हो चुकी है। मचेवा सब स्टेशन से मचेवा, बम्हनी, परसकोल, भुरका, परसट्ठी, लाफिनखुर्द, लाफिनकला सहित 12-15 ग्रामों को बिजली आपूर्ति की जा रही है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को लो वोल्टेज की समस्या से मुक्ति मिली है। वहीं, शेर स्थित सब स्टेशन से टेस्टिंग के बाद सप्लाई शुरू की जाएगी। यहां से शेर, मोगरा, कनेकेरा, भलेसर, धनसुली, साल्हेभाठा सहित दर्जन भर से अ धिक गांवों को बिजली की आपूर्ति की जाएगी। इससे क्षेत्र के किसान रबी सीजन में भी फसल ले सकेंगे। उक्त सौगात से हर्षित ग्रामीणों मोती साहू मोंगरा, परमानंद साहू मोरधा, संतोष ध्रुव शेर, मन्नू साहू शेर, जितेंद्र चंद्राकर कनेकेरा, रुमाल ध्रुव कनेकेरा, देवचरण नारंग मुरकी, दिनेश दुबे धनसूली, मेहरू मंडले, आनंद दीवान शेर, ललित दीवान कनेकेरा, सुकल दीवान मोरधा, सोमनाथ चंद्राकर मोरधा आदि ने पूर्व संसदीय सचिव श्री विनोद सेवनलाल चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस : स्क्रीनिंग कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारी व लोगों ने कराई जांच




**रायगढ़, 18 मई।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन सार्वजनिक एवं शासकीय कार्यालयों में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी सहित जनसामान्य ने कैंप में आकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। इसी कड़ी में जिला पंचायत में आयोजित स्क्रीनिंग कैम्प में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने अपना बीपी एवं शुगर जांच कराया। साथ ही कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित डीईआईसी जतन केन्द्र में कुल 90 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। साथ ही जिला मुख्यालय के कलेक्टोरेट कार्यालय एवं जिला एवं सत्र न्यायालय में भी प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टोरेट एवं जिला न्यायालय के अधिवक्तागण, अधिकारी-कर्मचारियों सहित आसपास के स्थानीय नागरिकों सहित 130 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.चंद्रवंशी ने बताया कि जिले में 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर जिला एवं विकासखण्ड स्तर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उच्च रक्तचाप से संबंधित बीमारियों के रोकथाम से संबंधी जागरूकता लाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह बीमारी के संबंध में तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि हाईपरटेंशन किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। हाई ब्लडप्रेशर या हाईपरटेंशन का खतरा महिलाओं से ज्यादा पुरूषों में होता है। इसके अलग-अलग कारण हो सकते है जैसे फैमिली हिस्ट्री, तनाव, गलत खान-पान और अनियमित दिनचर्या आदि। इससे बचने के लिए न केवल डाईट और लाईफ स्टाईल पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि तनाव को कम करना और शरीर को सक्रिय बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि हाईपरटेशन के लक्षणों का पहचानना थोड़ा मुश्किल हो सकता है लेकिन इसके बावजूद कुछ ऐसे संकेत है जिनके द्वारा उच्च रक्तचाप की समस्या को देखा जा सकता है-जैसे अत्यधिक सर दर्द होना, छाती में दर्द होना, स्पष्ट दिखाई न देना, बेचैनी या घबराहट होना, सांस फूलना व थकान महसूस होना है। सीएमएचओ ने जिले के लोगों से अपील किया है कि जिन लोगों को उपरोक्त प्रकार के लक्षण हो वे निकट के स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जांच करा सकते है तथा चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त कर चिकित्सक द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन अवश्य करें।

# छसबल कैम्प दरभा के कंपनी कमाण्डर की हत्या में शामिल 2 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 18/02/2024 को छसबल कैम्प दरभा में पदस्थ कंपनी कमाण्डर तिजउ राम भुआर्य की माओवादियों की स्माल एक्शन टीम द्वारा कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दिये थे। घटना पर थाना जांगला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । घटना में शामिल फरार माओवादियों की पता तलाश एवं सूचना के आधार पर दिनांक 17/05/2024 को जैगुर से स्मॉल एक्शन टीम के 02 माओवादियों को पकड़ा गया ।

1. दशरू आरकी( DAKMSअध्यक्ष) पिता सोमा आरकी उम्र 32 वर्ष निवासी जैगुर नरगोपारा थाना जांगला 2. मंगलू कवासी (मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर)पिता मंगडू कवासी उम्र 30 वर्ष निवासी जैगुर डोंगरपारा थाना जांगलाउक्त दोनों माओवादी दिनांक 07/02/2024 को थाना जांगला क्षेत्रान्तर्गत बेंचरम में स्थापित जिओ मोबाइल टावर में आगजनी की घटना एवं दिनांक 08/03/2024 को थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत तेलीपेंठा के ग्रामीण पुसु हेमला की हत्या में भी शामिल थे। पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से मेमोरण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब बरामद किया गया है । प्रकरण में गिरफ्तार माओवादियों के विरूद्ध थाना जांगला में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

## निर्दोष ग्रामीणों को मार रही है पुलिस फोर्स: बेला भाटिया



**बीजापुर, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शुक्रवार को प्रैस वार्ता मे मानव अधिकार कार्य कर्ता व वकील बेला भाटिया ने पुलिस फोर्स पर.आरोप लगाया है कि 10 म ई की धटना मे पुलिस फोर्स ने जिन 12 माओवादियों को मार गिराने का दावा किया है दरअसल वो सभी ग्रामीण थे जो अपने अपने घरों से तेंदूपत्ता तोडने पास के खेत गये थे इसी दौरान पुलिस फोर्स ने चारों ओर से घेर कर ग्रामीणों पर.गोलियां बरसाई इस घटना में 12 ग्रामीण मारे गए जिन्हें पुलिस नकसली बता रही है बेला भाटिया ने आगे बताया कि इस घटना मे क ई ग्रामीण घायल हुए है तथा क ई ग्रामीण. लापता हैं इस संबंध में जब घटना स्थल पहुंच कर ग्रामीणों से चर्चा के दौरान जो.सत्य सामने आया है वो बहुत ही गंभीर और चिंता जनक है केंद्र सरकार के निर्देश पर पुलिस फोर्स आदिवासी ग्रामीणों का नरसंहार कर रही है पीडिया के पीडित परिवार के साथ प्रैस वार्ता मे बेला भाटिया ने यह भी आरोप लगाया कि पीडितों की शिकायत भी थानों में दर्ज नहीं की जा रही है और ना ही शिकायत की पावती दी जा रही है यह भी आरोप लगाया की संविधान मे हमें अधिकार है शिकायत करने का फिर भी हमें अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

# फर्जी गेटपास बनाने वाला गिरोह सक्रिय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 मई।** आईआईटी कुटेलाभाठा भिलाई में प्रवेश करने के लिए फर्जी गेटपास बनाने वाला एक गिरोह सक्रिय हो गया है जो लोगों को फर्जी गेटपास बनाकर दे रहा है ताकि वे आईआईटी के भीतर प्रवेश कर सकें। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू कर दी है फर्जी गेटपास की मदद से भीतर प्रवेश करने के पीछे क्या वजह है, ये आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा फिलहाल जेवरा सिरसा चौकी पुलिस इस मामले की विवेचना कर रही है

जेवरा सिरसा चौकी ने बताया कि आइआइटी के कुलसचिव जयेश चंद्र ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की है। संस्थान के एक गार्ड को वाट्सएप पर गौरव साहू नाम के एक व्यक्ति ने एक गेटपास की फोटो भेजी। जिसमें गौरव सांहू का नाम और फोटो था। गौरव साहू ये जानना चाहता था कि इस गेटपास से वो संस्थान में प्रवेश कर सकता है या नहीं गार्ड ने फर्जी गेटपास देखकर प्रबंधन को इसकी जानकारी दी। इसके बाद प्रबंधन ने पुलिस से शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने गौरव साहू को प्रारंभिक तौर पर आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की। जांच में पता चला कि गौरव साहू के एक मित्र शिव साहू ने अपने किसी परिचित के माध्यम से फर्जी गेटपास बनवाकर दिया था। जांच में ये भी पता चला है कि आइआइटी में अभी भी कई ठेका कंपनियां काम कर रही हैं और वहां पर काम करने वालों को संस्थान के परिसर में प्रवेश देने के लिए गेटपास की आवश्यकता होती है। प्लेसमेंट एजेंसी जिस कर्मचारी की जानकारी देती है, उसका ही गेटपास बनाया जाता है।

# डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव 18 मई ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई 2024 को समुदाय के सहभागिता से डेंगू नियंत्रण की थीम पर नागरिकों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि डेंगू मच्छर जनित एक वायरल बीमारी है। जिसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द जैसी परेशानियां होती हैं और त्वचा पर चकत्ते भी निकल आते हैं। डेंगू फीमेल एडीज मच्छर के काटने से होता है। डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां मच्छरों के काटने से होती हैं, लेकिन मामूली सावधानी अपनाने से मच्छर के काटने से बचा सकता है। भारत में विशेषकर यह बारिश के दिनों में होने वाला सामान्य रोग है। डेंगू का लार्वा सामान्यत~ जमे हुए साफ पानी में पनपता है और इसे पनपने के लिए जुलाई से लेकर अक्टूबर का समय काफी अनुकूल होता है। यही वजह है कि इस समयावधि में सतर्क रहना जरूरी होता है। डेंगू से बचाव के लिए सभी शासकीय अस्पतालों में निश्शुल्क उपचार की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि एडीज एजिप्टी एक ऐसा मच्छर है, जो डेंगू बुखार, चिकनगुनिया, जीका बुखार, मायरो बुखार के वायरस और अन्य रोग एजेंटों को फैला सकता है। विशेषकर बारिश के मौसम की शुरूआत के साथ ही मच्छरों के प्रजनन और परिणामस्वरूप महामारी में वृद्धि होती है। एडीज एजिप्टी मच्छर सबसे ज्यादा सुबह और शाम को और छायादार क्षेत्रों में पाए जाते हैं। यह पूरे साल या अनुकूल स्थिति में किसी भी समय संक्रमण फैला सकते हैं। इससे बचाव हेतु सभी को आवश्यक उपाय अपनाना चाहिए।

सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने नहीं दें। कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली कर दें एवं जो कूलर चालू है, उसे प्रति सप्ताह खाली कर साफ कर भरे, घर की छत पर रखे गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए, क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्डों में पानी जमा नहीं होने दें एवं जमा पानी के गड्डे में जला हुआ तेल डाल दें। जिससे ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण मच्छर का लार्वा नष्ट हो जाता है, मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। घर के दरवाजों में जाली लगवाएं, पैरों में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा ने बताया की डेंगू रोग के विषय में जनजागरूकता के लिए जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर डेंगू से बचाव से संबंधित नारा लेखन एवं कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें लोगों को डेंगू होने के कारण, इसके लक्षण तथा इससे बचाव से संबंधित आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। जिला सलाहकार संगीता पांडेय, डेंगू पर नियंत्रण के लिए जिले के छुरिया, डोंगरगढ़, घुमका, डोगरगांव विकासखंड के उपकेंद्रों में लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य लेकर लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# काम नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने करें तैयारी: कलेक्टर

**कोरबा 18 मई ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोरबा जिले के अंतर्गत चिन्हित सभी ग्रामों में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु किए जा रहे कार्यों को समय पर पूर्ण कराएं। जिन ग्रामों में ठेकेदारों द्वारा कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही है उनकी सूची बनाकर ब्लैक लिस्ट करने का प्रस्ताव बनाएं। उन्होंने समय-सीमा समाप्त होने के पश्चात् कार्य पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों की बैठक आगामी सप्ताह में आयोजित करने तथा कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश पीएचई के कार्यपालन अभियंता श्री ए. के. ब'चन को दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जल-जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता होनी चाहिए तथा लोगों के घरों में समय पर पानी पहुंचना चाहिए।बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने निर्देशित किया कि ऐसे कार्य जो 100 प्रतिशत पूर्ण हो गए हैं उन ग्रामों का निरीक्षण विभागीय इंजीनियरों के माध्यम से कराकर ग्रामों में पेयजल की उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन के कार्यों को करने वाले ठेकेदारों से कार्य पूर्ण कराने के पश्चात् ही उन्हें भुगतान करें और भुगतान से पहले ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों का सत्यापन अवश्य किया जाए। कलेक्टर ने पीएचई और क्रेडा द्वारा किए गए कार्यों तथा अधूरे कार्यों की ग्रामवार समीक्षा की और 15 दिवस के भीतर अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने हेतु टास्क बनाकर तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में क्रेडा अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने साइट क्लीयरेंस, सर्वे संबंधी समस्या को दूर करने तथा सोलर पंप वाले ग्रामों में आवश्यक सोर्स शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एसईसीएल कर्मी की मौत

**कोरबा, 17 मई।** कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह घटित सडक हादसे में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एसईसीएल कर्मी को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बांगो पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटनाकारित वाहन के चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना में पदस्थ कर्मी शिव नारायण गुप्ता पिता हरिलाल गुप्ता उम्र 40 वर्ष आज सुबह अपनी बाइक पर सवार होकर गृहग्राम भटगांव जा रहा था। अभी वह तहसील मुख्यालय पोड़ी उपरोड़ा को पार एनएच पर ग्राम लमना के पास पहुंचा था कि सामने से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एसईसीएल कर्मी की तत्काल मौके पर मौत हो गई।

एनएच पर घटित इस दुर्घटना की सूचना मार्ग से गुजर रहे लोगों ने 112 वाहन तथा बांगो पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा करने के साथ आगे की कार्यवाही की और मृतक के परिजनों को सूचित किया। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं। बताया जाता है कि शिव नारायण गुप्ता की पदस्थापना कुछ समय पूर्व ही भटगांव कॉलरी से कुसमुंडा में हुई थी और वह यहां आदर्श नगर कालोनी के आवास क्रमांक-637 में रहता था। आज सुबह वह अपने गृहग्राम के लिए रवाना हुआ था तभी हादसे का शिकार हो गया।

### कुदमुरा रेंज में हाथियों की बढ़ी सक्रियता, वन विभाग ने रोका तेंदूपत्ता संग्रहण का काम

**कोरबा, 17 मई।** वन मंडल कोरबा अंतर्गत कुदमुरा रेंज के गीतकुंवारी व लबेद गांव में हाथियो की सक्रियता बढ़ गई है। जिसे देखते हुए वन विभाग ने क्षेत्र में तेंदुपत्ता संग्रहध का कार्य फिलहाल रोक दिया है। यहां के जंगल में 25 हाथी घूम रहे है जो दिन में कोरबा व धरमजयगढ़ वन मंडल की सीमा पर पहुंच जाता है और रात में लबेद व गीतकुंवारी पहुंचकर यहां खेतो में उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों के धान व मुंगफली की फसल को रौंद देता है। हाथियों के उत्पात से क्षेत्र के ग्रामीण काफी हलाकान है। वहीं उनमें दहशत भी व्याप्त है हाथियों के उत्पात से परेशान ग्रामीणों में जिला प्रशासन व वन विभाग से समस्या के समाधान व सुरक्षा की मांग की है। लेकिन वन अमला असफल साबित हो रहा है। बीति रात पहुंचे 27 हाथियों के इस दल ने गीतकुंवारी व लबेद गांव में फिर उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों के खेतो में लगे धान व मुंगफली फसल को जमकर नुकसान पहुंचाया।

पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आकलन शुरू कर दिया है। हाथियों की सक्रियता को देखते हुए विभाग द्वारा क्षेत्र में तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य रोक दिया गया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि वें जंगल से दूरी बनाए रखे उधर कटघोरा वन मंडल के एतमा नगर, केंदई पसान व जटगा रेंज में हाथियों की उपस्थिति लगातार बनी हुई है। पसान के बर्राबीट में मौजूद हाथियों का दल बीती रात बासिन पहुंच गया और यहां चिकनी पारा में बांस बाड़ी में प्रवेश कर बांस के पौधो को तहस नहस कर दिया। हाथियों का उत्पात काफी देर तक चला वन अमला द्वरा खदेड़े जाने पर दल वापस बर्रा लौटा केंदई रेंज के कापानवापारा व लालपुर तथा एतमा नगर क्षेत्र में मौजूद हाथियो ने फिलहाल कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचाया है। फिर भी वन विभाग इसे लेकर सतर्क है और लगातार निकरानी में जुटा हुआ है।

### हर्षिता 12वीं में प्रथम

**कोरबा, 17 मई।** डीएवी स्कूल सुभाष ब्लाक में अध्यनरत छात्रा कुमारी हर्षिता कुर्रे ने कक्षा 12 वीं 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए नगर को गौरान्वित किया है। कुमारी हर्षिता शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। उन्होनें इसका श्रेय स्कूल के शिक्षकों को देते हुए कहा कि उन्हें पढ़ाई के लिए लगातार प्रेरित करते रहे है। इनके माता पिता ढहारू राम कुर्रे व संतोषी कुर्रे ने कहा कि पढ़ाई में हर्षिता कुर्रे हमेशा प्रथम आती रही है। हर्षिता कुर्रे के प्रथम आने पर एसईसीएल के कर्मचारियों ने भी हर्ष व्यक्त किया है।

### सचिव के भ्रष्ट कारनामे का सीईओ ने लिया संज्ञान

**कोरबा, 17 मई।** पोड़ी उपरोड़ा- पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के शातिर सचिव जयसिंह मेश्राम द्वारा विगत कोरोना काल के दौरान दो पंचायत का कार्यभार देखने के दौरान आपदा को अवसर में बदल पंचायत मद की राशि से खूब वारा-न्यारा किया, जहाँ ग्राम पंचायत लैंगा में तत्कालीन रहने के दौरान सरपंच से सांठगांठ कर प्रवासी मजदूरों को 1.50 लाख का खाना, खाना बनाने वाले रसोइये को 46 हजार का भुगतान और इस दौरान 12 हजार की मिठाई भी कागजों में बांटी, वहीं ग्राम पंचायत अमलीकुंडा सरपंच के मिलीभगत से भी कुछ इसी तरह के भ्रष्ट्र कारनामे को अंजाम दिया गया। ज्ञात हो कि सचिव जयसिंह मेश्राम को पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के लैंगा व अमलीकुंडा ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी दी गई थी। जहां विगत कोरोना काल के दौरान इन्होंने लैंगा सरपंच के सांठगांठ से कोरेनटाइन सेंटर में ठहरे प्रवासी मजदूरों को खाना खिलाने, रसोइये का भुगतान और मिठाई खरीदी का फर्जी बिल लगाकर 2 लाख 09 हजार 20 रुपए की राशि 14वें वित्त मद से आहरण कर वारा- न्यारा किया गया तो वहीं इसी दौरान अमलीकुंडा ग्राम पंचायत के निर्वाचित सरपंच मान सिंह पोर्ते से भी मिलीभगत कर सचिव जयसिंह ने मनमाने फर्जीवाड़े को अंजाम दिया।

# जिलाधीश महोदय, कृपया शराब दुकान हटवा दीजिए, हमें रोज परेशान होना पड़ता है

## शराब दुकान के कारण स्कूली छात्र -छात्राओं को हो रही है परेशानी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 18 मई।** प्लीज... बलौदाबाजार जिलाधीश महोदय सर जी। शराब दुकान हटवा दीजिए, नहीं तो हमारा स्कूल ही छूट जाएगा। हम आगे नहीं पढ़ पाएंगे, हमें रोज जलील होना पड़ता है।

कसडोल विकासखंड के कटगी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं नें शुक्रवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए ऐसी फरियाद की है। सर्वा सरवानी गांव की 40/50 छात्र-छात्राएं रोज शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय कटगी पढ़ने के लिए आती हैं। स्कूल से महज 500 मीटर की दूरी पर ही स्थित शराब दुकान के पास से जब छात्राएं गुजरती हैं तो उन्हें अश्लील कमेंट का सामना करना पड़ता है। इस मामले में बलौदाबाजार कलेक्टर के.एल. चौहान ने बच्चों के सामने ही आबकारी अधिकारी को तलब किया गया और रिपोर्ट मंगाई गई। जल्दी ही छात्राओं को शराब दुकान से होने वाली परेशानी को दूर कर दिया जाएगा।

छात्रा नेहा कैवर्त, दुर्गा यादव, प्रतिभा साहू, कुसमी साहू, उर्वशी कैवर्त ने कहा कि स्कूल के पास शराब दुकान को लेकर पहले भी हम यहां बलौदाबाजार कलेक्टर के पास आ चुके हैं मगर हमारी तकलीफ को यहां किसी ने नहीं समझा। अब हमें लगता है कि रोज परेशान होने से अच्छा पढ़ाई ही छोड़ दे।



## एसडीएम के नेतृत्व में मोहान घाट पहुंच प्रशासन की टीम ने की कार्रवाई

# रेत निकासी के लिए बनाएं मार्ग को तोड़ा



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 मई।** पलारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मोहान में लगातार हो रहे अवैध रेत निकासी संबधी शिकायतों की जांच करने एसडीएम के नेतृत्व में प्रशासन की टीम मौके में पहुंची। जहां पर महानदी के भीतर एक अस्थाई मार्ग रेत द्वारा बनाया पाया गया। जिसे ग्राम वासियों, सरपंच, पंच, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सचिव, पटवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में जेसीबी बुलाकर तोड़ा गया है। साथ ही सरपंच द्वारा बताया गया की उक्त अवैध घाट से रेत निकालने का कार्य कोर्ट खान के द्वारा किया जा रहा है एवं इस कार्य में ग्राम बोदा एवं मोहान के कुछ ग्रामीणों द्वारा बढ़ावा एवं संरक्षण देने की बात कही है। नदी से रेत निकालने बकायदा पुल एवं सड़क का निर्माण कराया गया है। जिससे यह बात स्पष्ट होती है। नदी के तट पर 9 ट्रिप हाईवा भी डंप पाया गया है। जिसे सरपंच के सपुर्दगी में दिया गया है। साथ ही साथ एसडीएम के द्वारा सरपंच, उपसरपंच एवं सचिव, पटवारी को भी नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। उक्त कार्रवाई पलारी एसडीएम श्यामा पटेल के नेतृत्व में की गई। इस दौरान तहसीलदार देवेंद्र नेताम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### हाई वोल्टेज तार के चपेट में आया हाईवा

**आरंग, 18 मई।** क्षेत्र में विगत 17 मई को बड़ा हादसा होते होते टल गया जब रेत डंप करते हाईवा वाहन 11 केवी बिजली तार की चपेट में आ गया। पूरा मामला हरदीडीह घाट का हैं। मिली जानकारी के अनुसार एक निजी ट्रांसपोर्ट की हाईवा शासकीय जमीन पर रेत का भंडारण कर रहा था,। ज्यादा से ज्यादा डंपिंग के चक्कर में बिना देखे हाइवा के डाला को ऊपर कर दिया और ऊपर से गुजर रहे 11 केवी वोल्ट के तार की चपेट में आ गया।

किस्मत अच्छी रही कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन खंबा व तार टूट जाने से बिजली विभाग को लाखों रुपए की क्षति हुई है। घटना 17 मई शुक्रवार शाम 6.30 बजे की बताई जा रही है, जिसकी शिकायत बिजली विभाग एवं थाने में की गई है।



# श्री सीमेंट संयंत्र ने सीमेंट ट्रांसपोर्ट संगठन की शर्तें मानी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 18 मई।** ज्ञात हो कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अंजय शुक्ला की अगुवाई में बैठक कर बलौदा बाजार ट्रक मालिक संघ सीजी बलकर संघ एवं रायपुर बस्तर कोरापुटपरिवहन संघ के समर्थन पर सीमेंट संयंत्र के सभी प्रकार का परिवहन कार्य बंद करने हेतु 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। जिससे कंपनी प्रबंधन एवं ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के मध्य आज समझौता हुआ और कंपनी प्रबंधन के द्वारा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के मांग अनुसार 175000 टन प्रतिमाह सड़क मार्ग से कलिंकर का डिस्पैच देने तथा बलौदा बाजार ट्रक मालिक संघ की गाड़ियों को डिस्पैच में 25त्न डिस्पैच पर प्राथमिकता दिए जाने हेतु सहमति एवं आश्वासन दिया।

उपरोक्त मांगों के पूर्ण होने पर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन में खुशी की लहर व्याप्त है और कंपनी प्रबंधन के प्रति सभी संगठनों के द्वारा आभार व्यक्त किया गया केवल बलौदा बाजार ट्रक मालिक संघ को 25त्न की क्लिंकर डिस्पैच में प्राथमिकता प्रदान करने के लिए बलौदा बाजार ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने भी सी सी टी ए एवं कंपनी प्रबंधन के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

उक्त अवसर पर प्रमुख रुप से अंजय शुक्ला, सुधीर अग्रवाल, अरूण तुलस्यान, मलकीत सिंह, सुब्रत डे, गणेश प्रसाद जायसवाल, सनोज सिंह, मिथलेश वर्मा आदि सदस्यों ने कंपनी प्रबंधन के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

# बागडेरा में विजय संकल्प रैली को साय व टंकराम ने किया संबोधित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 18 मई।** ओड़िशा के बगडेरा (नुवागाँव) में बीरमित्रपुर विधानसभा एवं सुंदरगढ़ लोकसभा के चुनाव प्रचार हेतु आयोजित विजय संकल्प रैली एवं विशाल जनसभा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सम्मिलित होकर ओड़िशा वासियों से प्रदेश के बेहतर विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा रायपुर उत्तर से विधायक पुरंदर मिश्रा, बीरमित्रपुर विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार शंकर ओराम समेत अनेकों वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिक बंधुओं की उपस्थिति रही।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन के सम्मेलन में शामिल हुए टंकराम वर्मा



**तिल्दा-नेवरा, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन बिसरा शाखा उड़ीसा प्रदेश के स्थापना दिवस पर उपस्थित छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा का जोशीला स्वागत किया गया साथ ही मंत्री ने महिला शक्ति को नमन करते हुए कहा की प्रदेश में बीजेपी को इस बार जितना है और कमल खिलाना है केंद्र में मोदी सरकार की अनेक गारंटी प्रदेश में शुरू होगी। महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने अनेक योजनाएं चल रही है। इस अवसर पर बीजेपी नेता अनिल अग्रवाल भी मौजूद थे। साथ में बलौदा बाजार के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जैन सहित स्थानीय बीजेपी प्रत्याशी स्थानीय नेता उपस्थित थे।

## जिले में मनाया गया विश्व उच्च रक्तचाप दिवस

# कलेक्टर सहित कर्मचारियों ने करवाई जांच

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 18 मई।** राज्य शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज रक्त चाप का परीक्षण कर विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर के एल चौहान, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी का रक्तचाप परीक्षण स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया। इस सम्बंध में सीएमएच ओ डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि इस अवसर पर जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों के रक्तचाप का परीक्षण किया गया एवं आवश्यक होने पर दवाई दी गई है।

उन्होंने आगे बताया कि वास्तव में उच्च रक्तचाप वह स्थिति है जिसमें धमनियों में रक्त का प्रवाह बनाये रखने के लिए हृदय को अधिक काम करने की जरूरत पड़ती है। इसका कारण यह है कि, समय के साथ धमनियाँ कठोर और कड़ी हो जाती हैं जिसके फ्लस्वरूप हृदय कमज़ोर हो जाता है। दुनिया का लगभग हर तीसरा व्यक्ति इससे प्रभावित है। समान्य रूप से इसका माप 120/80 होता है जबकि एक बीस साल के व्यक्ति में 140/90 और एक पचास साल की उम्र के व्यक्ति में 160/95 उच्च रक्तचाप माना जाता है। मानसिक तनाव, अधिक नमक का सेवन, वजन की अधिकता, आनुवंशिकता, धूम्रपान, शराब और आलस्यपूर्ण जीवन शैली उच्च रक्तचाप के कारण हो सकते हैं। इसके कारण हृदय घात, मष्तिष्कघात, गुर्दे की समस्या या आंखों पर असर होता गई। गर्भवती महिला को इसका विशेष ध्यान रखना पड़ता है। उच्च रक्तचाप को एक साइलेंट किलर भी कहा जाता है। उच्च रक्त चाप होने पर दवाई जीवन भर खानी पड़ी सकती है। अतः बेहतर होगा अपनी जीवन शैली संतुलन रखी जाए। व्यायाम, योग, ध्यान तनाव मुक्त होकर, संतुलित खान-पान से इससे बचा जा सकता है। उच्च रक्तचाप की जांच और उपचार की व्यवस्था राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। वर्तमान में जिले में 20 हज़ार 8 सौ 18 मरीज पंजीकृत होकर उच्च रक्तचाप का उपचार ले रहे हैं।

## समाचार संक्षेप

### शिव महापुराण सुनने भक्तों के लिए की गई वाहन व्यवस्था



**भखारा, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुरूद विधानसभा इस समय शिव भक्ति में में डूबा हुआ है यहां प्रमुख कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का कथा वाचन हो रहा है जिससे क्षेत्रवासियो में भक्तिमय माहौल बना हुआ है, भक्तों को इस शिव महापुराण की भक्ति रसपान करने में किसी प्रकार की कोई बाधा न हो इसके लिए नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद रोशन केला द्वारा भखारा, भठेली एवं सिहाद के लिए वाहन की व्यवस्था की गई है जिसमें हर दिन भखारा से कुरूद के लिए आवागमन की जाएगी।

### जिपं सीईओ ने आकस्मिक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का लिया जायजा



**बलौदाबाजार, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने भाटापारा जनपद कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में पहुँचकर कर्मचारियों से मुलाकात कर योजनाओं के सम्बंध में जानकारी हासिल की। इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ ने विकासखंड स्तरीय अधिकारी कृषि विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत के सचिवों की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होने सभी अधिकारी कर्मचारियों को प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों को जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए है। इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के द्वारा ग्राम पंचायत देवरी मे मनरेगा एवं अन्य निर्माण कार्यों के साथ पंचायत भवन का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत खोलवा मे सेग्रिगेशन शेड मे घर घर जाकर कचरा कलेक्शन करने वाली स्व सहायता की महिलाओं से चर्चा किया एवं स्वच्छता के संबंध मे अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ सत्यव्रत तिवारी, एसडीओ आरईएस, अभिजित मित्रा पीओ मनरेगा अविनाश पैकरा सहित, बीसी आवास एसबीएम, समस्त उप अभियंता तकनीकी सहायक, एडीईओ, करारोपण अधिकारी, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पीआरपी भी मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में महिला संबंधी अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अजय झा के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 997/2023 धारा 363, 366, 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी का नाम मनोज कोशले पिता राजेश्वर कोशले उम्र 19 साल साकिन जरौद थाना भाटापारा ग्रामीण है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 15 दिसम्बर 2023 को गुम इंसान क्र. 148/23 के प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी भतिजी उम्र 16 वर्ष 08 माह की जो 8 दिसम्बर 2023 के रात्रि करीब 10:00 बजे घर से बिना बताये कही चली गई है, जो अब तक वापस नहीं आयी है। कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर अपहरण करने की आशंका एवं सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश पर नाबालिग बच्चों की गुम होने की रिपोर्ट पर अपराध धारा 363 भादवि का घटित होने की आशंका पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण कि विवेचना एवं पीड़िता की पतासाजी क्रम में उसे उसके चाचा व बड़ी बहन के साथ थाना लाकर पेश करने पर समक्ष गवाहन के 16 मई 2024 को बरामद किया गया हैं। नाबालिक पीड़िता ने बतायी कि आरोपी मनोज कोसले पिता राजेश्वर कोसले, अपने साथ बहला फुसला कर ले गया और तुम्हे मैं खुश रखूंगा बोलकर मुझे भगाकर अपने साथ अपने घर ले गया और शादी कर पत्ति बनाकर साथ रखकर कई बार शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता का डॉ. मुलाहिजा कराया गया। प्रकरण में धारा 366, 376 भा.द.वि. 04, 06 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गयी। कि अपराध पर आरोपी मनोज कोसले पिता राजेश्वर कोसले को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि गांधी बंजारे, म0 आर0 मंजू वर्मा स्वाती साहू थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### भाजपा की वसूली नीति से व्यवसायी भयभीतः बैज

**रायपुर 18 मई ।** पांच माह की भाजपा सरकार वसूली के लिये व्यापारियों को धमका रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा राज के पांच माह में ही अवैध वसूली से व्यापार और उद्योग जगत के लोग परेशान हो गये है। बिल्डर, जमीन व्यापारी, राईस मिलर, छोटे-बड़े व्यवसायी सभी भाजपा सरकार की भयादोहन वाली नीति से परेशान हो गये है। कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला ''रियल स्टेट सेक्टर' भाजपा सरकार की वूसली वाली नीति के कारण छत्तीसगढ़ में बर्बाद होना शुरू हो गया है। छोटे-छोटे जमीन कारोबारियों को धमका कर वसूली किया जा रहा है, जो व्यापारी चढ़ावा देने में असमर्थ है उसके जमीनो का खसरा लॉक करवाया जा रहा है ताकि खरीदी-बिक्री रोक दिया जाये। वर्षो पहले जो लोग प्लाट खरीद चुके है उनके डीपीसी को वाऊन्ड्री वॉल को तोड़ने बुलडोजर भेजा जा रहा है। ऐसा इसलिये किया जा रहा ताकि भयादोहन किया जा सके और भाजपा से जुड़े लोग ही भूमि का व्यापार अनाप-शनाप भाव में कर सके। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पांच महीने में व्यापारियों को धमकाने, जीएसटी के छापे मरवाये जा रहे उनसे सेटलमेंट के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। छोटे-छोटे व्यापारियों तक के यहां जीएसटी के छापे मार कर परेशान किया जा रहा है। राज्य का व्यापारिक माहौल खराब हो चुका है। प्रदेश में व्यापारी व्यवसाय करने निवेश करने में डर रहे है।

### मेरा व्यापार सुरक्षित - मेरा बाजार सुरक्षित पर हुई कार्यशाला



**रायपुर 18 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट एवं छ.ग. शासन अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ''मेरा व्यापार सुरक्षित - मेरा बाजार सुरक्षित'' को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन चेम्बर भवन, बाम्बे मार्केट में किया गया । जिसमें छ.ग. शासन अग्निशमन विभाग के निर्देशक श्री अजातशत्रु बहादुर सिंह, (भा.पु.से.) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । श्रीमती अनिमा एस. कुजूर, संभागीय सेनानी रायपुर एवं श्री पुष्पराज सिंह, जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी रायपुर तथा श्री सरवर गुलाम मोहम्मद, वरिष्ठ अग्निशमन तकनीकी अधिकारी रायपुर एवं अग्निशमन/ एसडीआरफ की संयुक्त टीम द्वारा कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारीगण एवं लगभग 200 व्यापारी उपस्थित रहे। जिनकों प्रारंभिक अग्निदुर्घटना से बचाव/सुरक्षा के संबंध में संगोष्ठी के माध्यम से जागरूक करने के साथ ही मॉक ड्रील के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट एवं छ.ग. शासन अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ''मेरा व्यापार सुरक्षित - मेरा बाजार सुरक्षित'' को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन चेम्बर भवन, बाम्बे मार्केट में किया गया।

### गली में खड़ी जूपिटर पार

**रायपुर, 18 मई।** श्यामनगर विक्की प्लास्टिक गली में खड़ी जूपिटर को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हुमेन्द्र कुमार साहू 37 वर्ष महात्मा गांधी नगर अमलीडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी टीवीएस जूपिटर क्रमांक सीजी 04 पीपी 5623 को श्यामनगर विक्की प्लास्टिक गली में खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए जूपिटर की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते दो पकड़ाए

**रायपुर, 18 मई।** देवेन्द्र नगर और अभनपुर पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पुलिस के टीम ने फाफाडीह शराब दुकान के पास आरोपी संतोष सेन 61 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व 4 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने ग्राम उल्बा के तालाब के पास बाइक सवार आारोपी आलोम शर्मा 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 लीटर महुआ शराब, 10 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है।

# बंद योजनाओं में वित्त विभाग ने कसा शिकंजा,रोका पैसा

**रायपुर, 18 मई।** पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में संचालित और वर्तमान में बंद पड़ी योजनाओं की राशि के दुरुपयोग की शिकायतें मिलने के बाद छत्तीसगढ़ के वित्त विभाग ने सख्ती दिखाई है.

विभाग ने बंद योजनाओं की बकाया राशि की जानकारी मांगी है और इसके खर्च पर रोक लगा दी है. विभागों और संबंधित पक्षों को सख्त निर्देश दिये गये हैं कि बंद योजनाओं के नाम पर बैंक खातों में उपलब्ध राशि को सरकारी खातों में जमा किया जाये.

वित्त विभाग ने कहा है कि यह देखने में आया है कि विभिन्न योजनाओं के लिए प्राप्त राशि अभी भी बैंक खातों में मौजूद है और उस राशि का उपयोग राज्य और क्षेत्रीय कार्यालयों में किया जा रहा है. विभाग ने प्रदेश के सभी विभागीय सचिवों, विभागाध्यक्षों और जिला कलेक्टरों को आदेश जारी कर रिपोर्ट भी मांगी है. वित्त विभाग ने आशंका जताई है कि बंद योजनाओं से राशि निकालने में कई अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध हो सकती है. विभागाध्यक्षों को इस पर ध्यान देना चाहिए. फि जूलखर्ची और मितव्ययिता पर अंकुश लगाने के लिए वित्त विभाग एक्शन में फिजूलखर्ची और मितव्ययिता पर अंकुश लगाने के लिए वित्त विभाग मिशन मोड पर नजर आ रहा है। 13 मई को विभाग ने सरकारी वाहनों की पात्रता को लेकर नया आदेश जारी किया, जिसमें अधिकारियों के लिए वाहन खरीदने की राशि तय की गयी, वहीं पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति में गड़बड़ी की स्थिति में अधिकारियों पर कार्रवाई करने का आदेश जारी किया गया.

#### राजीव युवा मितान क्लब

राजीव युवा मितान क्लब योजना के तहत पिछले तीन वर्षों में रु. 132 करोड़ से ज्यादा खर्च हो चुके हैं. राजीव युवा मितान क्लबों के नाम पर खर्च की गई राशि की उपयोगिता की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के नाम पर बिना कोई कार्यक्रम आयोजित किये फर्जी प्रमाण पत्र एवं रिपोर्ट प्रस्तुत कर पैसे निकालने की शिकायत मिली है.

#### गोधन न्याय योजना बंद

गोधन न्याय योजना के तहत 2 रुपए प्रति किलो की कीमत पर गोबर खरीदने की योजना भी बंद कर दी गई है। गोबर खरीदी के नाम पर करोड़ों के फर्जी भुगतान की शिकायतें थीं, वहीं गोबर खाद की बिक्री में भी भ्रष्टाचार हुआ था. बीजेपी नेताओं ने गोधन न्याय योजना को लालू यादव के चारा घोटाले से भी बड़ा बताया।

ग्रामीण औद्योगिक पार्क (आरआईपीए) ग्रामीण औद्योगिक पार्क (आरआईपीए) योजना फिलहाल बंद है। राज्य सरकार ने योजना में हुई अनियमितताओं के लिए एक जांच कमेटी भी गठित की है. राज्य सरकार ने रीपा में इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर खर्च की गई राशि का महाधिवक्ता के माध्यम से ऑडिट कराने का प्रस्ताव विधानसभा में रखा था. मुख्य सचिव की अध्यक्षता में टीम बनाकर भौतिक सत्यापन की भी बात कही गयी है।

## हनुमान मंदिर से दानपेटी चोरी



**रायपुर 18 मई।** राजधानी में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं. चोरों ने मंदिर की दानपेटी को भी नहीं छोड़ा है. फिल्मी स्टाइल में चोरों ने मंदिर से दानपेटी चुरा ली, फिर नई दानपेटी रखकर फरार हो गए. यह मामला मुजगहन थाना क्षेत्र के बोरियाकला हनुमान मंदिर का है. पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है. इस मामले में पुलिस का कहना है कि मंदिर में चोर नई दानपेटी किस उद्देश्य से छोड़कर गए हैं, इसकी भी जांच की जा रही है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड और शेडार रेसिडेंसियल स्थित हनुमान मंदिर से अज्ञात चोर पैसे से भरी दानपेटी चोरी कर ले गए. घटना की जानकारी शुक्रवार को सुबह पूजा करने जाने के दौरान मिली. मंदिर में मंगलवार और शनिवार को भक्तों की भीड़ रहती है. शुक्रवार को महिलाएं सामान्य दिनों की तरह मंदिर में पूजा करने के लिए पहुंची तो पहले किसी का ध्यान दानपेटी की तरफ नहीं गया. मंदिर में नियमित पूजा करने आने वाली एक महिला का ध्यान दानपेटी की तरफ गया, तब चोरी की जानकारी सामने आई.पुरानी दानपेटी में कितने का चढ़ावा है. इस बात की जानकारी नहीं लगी है. दानपेटी में नया ताला देखने के बाद महिलाओं ने मंदिर में दानपेटी में लगे ताले की चाबी ढूंढने की कोशिश की, लेकिन चाबी कहीं नहीं मिला. चोर नई दानपेटी की चाबी भी चुराकर ले गया. पुलिस को आशंका है कि चोर आने वाले दिनों में मंदिर में रखी नई दानपेटी को भी चोरी करने की नियत से ताला लगाकर छोड़ा होगा या फिर उसमें आने वाली रकम को निकाल लेने का इरादा है।

### युवक से 20 लाख की ठगी

**रायपुर, 18 मई।** वी एक्सप्रेस कोरियर कार्गो रावाभाठा खमतराई में 20 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रोहित कुमार सिंह 38 वर्ष शिवानंद नगर सेक्टर 1 खमतराई का रहने वाला है।

## ओडिशा में 20 को मतदान, प्रचार करने गए भाजपा नेता लौटे

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 18 मई।** पड़ोसी राज्य ओडिशा में 20 मई को होने वाले मतदान के कारण छत्तीसगढ़ से गए कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों एवं नेताओं को आज वापस लौट पड़ रहा है।

भाजपा नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा में लोकसभा के साथ ही विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। 20 मई के पश्चात 25 मई को भी मतदान होगा। ओडिशा में इस समय नए राजनीतिक समीकरण बन रहे हैं जिसमें लोकसभा में साथ देने का वायदा किया गया है। वहीं विधानसभा चुनाव के लिए बीजद और भाजपा आमने-सामने है। बीजद के नेता नवीन पटनायक पिछले 20 वर्षों से मुख्यमंत्री हैं। वे विधानसभा का चुनाव समयपूर्व करा देते हैं। इस वर्ष नवीन पटनायक के करीबी आईएएस अधिकारी पांडियान उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में सामने आए हैं। नवीन पटनायक कालाहांडी से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान संबलपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। धर्मेन्द्र प्रधान छत्तीसगढ़ के प्रभारी रह चुके हैं। विधायक पुरंदर मिश्रा, बृजमोहन अग्रवाल, टंकराम वर्मा, राजेश मूणत, गृहमंत्री विजय शर्मा, भाजपा प्रवक्ता के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सक्रिय रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा पुरी लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के पुत्र चिल्का विधानसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। जिसके कारण बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता व नेता वहां गए हुए थे। सरायपाली, कुनकुरी, रायगढ़ तथा महासमुंद जिले से ओडिशा की सीमा लगी हुई है। जगदलपुर से भी ओडिशा पास पड़ता थे। प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव अपने समर्थकों के साथ प्रचार कर रहे हैं। उनके आज लौटने की संभावना है।

आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित मतदान तिथि के 24 घंटे के पहले बाहर से गए कार्यकर्ताओं को वापस लौटना पड़ता है। रायबरेली में चुनाव प्रचार करने गए भूपेश बघेल आज लौट रहे हैं। हरियाणा से कुमारी शैलजा चुनाव लड़ रहीं हैं। उनके प्रचार के लिए शिव डहरिया अपने समर्थकों के साथ गए हुए हैं। वे भी आज लौटेंगे।

## समयपूर्व मानसून आने के संकेत, कृषि कार्य में तेजी लाने की सलाह

- 6.88 लाख क्विंटल प्रमाणिक बीज बांटने की तैयारी
- यूरिया व पोटाश का भी पर्याप्त भण्डारण

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 18 मई।** मानसून के इस बार समय पूर्व दस्तक दिए जाने की सूचना के पश्चात कृषि विभाग ने किसानों को ग्रीष्मकालीन जोताई करने की सलाह दी है। किसानों को प्रमाणिक बीज और खाद एवं कृषि लोन उपलब्ध कराने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मौसम विभाग ने केरल में मानसून समयपूर्व आने की सूचना दी है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे ग्रीष्मकालीन जोताई शुरू कर दें ताकि जमीन के अंदर होने वाले कीड़े व उनके अंडे गर्मी से समाप्त हो जाए। छत्तीसगढ़ में धान प्रमुख फसल है। राज्य में सभी 33 जिलों में इसका विशाल रकबा है इसलिए किसानों को प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराने की जवाबदेही बीज विकास निगम को दी गई है। बीज विकास निगम ने 6 लाख 88 हजार क्विंटल प्रमाणिक बीज बांटने का लक्ष्य रखा है। इसे सहकारी समितियों के माध्यम से बांटा जा रहा है। अभी तक दो लाख क्विंटल प्रमाणिक बीज का वितरण हो चुका है।

राज्य में 30 लाख हेक्टेयर कृषि जमीन है। राज्य शासन द्वारा आधुनिक खेती पर ध्यान दिए जाने के कारण प्रतिवर्ष उत्पादन बढ़ता जा रहा है। किसानों को आकर्षक बोनस एवं समर्थन मूल्य मिलने के कारण वैज्ञानिकपरक खेती पर ध्यान दे रहे हैं। मार्कफेड द्वारा पोटाश एवं यूरिया का वितरण किया जाएगा। 6 लाख टन खाद मंगाया जा रहा है। इसका वितरण भी सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाएगा। किसानों को कृषि कार्य के लिए लोन दिया जाता है। यह लोन ब्याजरहित होता है। राज्य में 25 हजार करोड़ का लोन बांटा जाएगा। किसानों ने यह लोन उठाना शुरू कर दिया है। बैंक से लोन लेने के कारण सहकारी समितियों से खाद-बीज मिल जाता है। जिसकी रिकवरी बैंक द्वारा कर ली जाती है। राज्य में 132 मीट्रिक टन धान का उत्पादन होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बाजार में इस समय बीज के लिए किसान दुकानदारों से सम्पर्क बनाए हुए हैं। कृषि उपकरणों की भी खरीदी हो रही है। परम्परागत तरीके से खेती का काम नहीं हो पा रहा है इसलिए ट्रैक्टर से जोताई का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर सहित अन्य साधन बड़ी संख्या में उपलब्ध हो गए हैं। किसानों ने नहरों के माध्यम से तालाबों को भरने का काम शुरू करवा दिया है। सिंचाई विभाग के माध्यम से यह कार्य हो रहा है। राज्य में लघु व सीमांत कृषकों ने सहकारी समितियों में जाकर खाद-बीज लेना शुरू कर दिया है।

## डिश टीवी ने लाई मनोरंजन इंडस्ट्री में क्रांति




**रायपुर 18 मई।** डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अग्रणी पहल की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव डिश टीवी स्मार्ट+ सर्विसेज की घोषणा की है। यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा, लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है। डिश टीवीस्मार्ट+ सर्विसेज के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं। डिश टीवी स्मार्ट+ सर्विसेज पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो-द ओटीटी सुपरऐप, सेट-टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, कभी भी अपना मनोरंजन कर सकते हैं।

## चेंबर एवं कैट का प्रतिनिधिमंडल आयकर आयुक्त से मिला



**रायपुर 18 मई।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल एवं कैट सी.जी.चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ चेंबर एवं कैट सी.जी.चेप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदीप एस. हेड़ाऊ , (आई.आर.एस.), प्रधान आयकर आयुक्त से सौजन्य मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, मंत्री-नीलेश मुंधड़ा, शंकर बजाज एवं कैट सी.जी.चेप्टर के प्रदेश चेयरमेन मगेलाल मालू, कार्यकारी अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिन्दर सिंह,एवं कार्यकारी महामंत्री भरत जैन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## होटल में युवक ने की आत्महत्या

**रायपुर 18 मई।** राजधानी रायपुर के एक होटल में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक की लाश होटल के कमरे में लटकती हुई मिली। पुलिस के अनुसार, युवक की शादी नहीं होने के कारण उसे तनाव था, और इसी कारण से उसने ऐसा कदम उठाया हो सकता है। यह मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि मृतक का नाम नवीन दीवान (34) है, जो ब्राह्मणपारा का निवासी था। उन्होंने 16 मई को अपने ही घर के पास स्थित एक होटल में रूम बुक किया था। अगले दिन सुबह, जब होटल स्टाफ ने उसे देखा नहीं, तो उन्होंने रूम का दरवाजा खटखटाया और कॉल भी किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद, होटल स्टाफ ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा, तो उन्हें युवक की लाश लटकती हुई मिली।

## रिश्वत मामले में गिरफ्तार सहायक संचालक निलंबित

**रायपुर, 18 मई ।** संचालक नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा सहायक संचालक (सर्वे) बालकृष्ण चौहान एवं नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर के सहायक मानचित्रकार नीलेश्वर कुमार ध्रुव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय से जारी आदेश अनुसार इन दोनों के विरूद्ध रिश्वत लेने के अपराध में एन्टी करप्शन ब्यूरो द्वारा गिरफ्तार किया जाकर अपचारी अधिकारी के विरूद्ध धारा-7, पी.सी. एक्ट, 1988 संशोधित 2018 के तहत अपराध पंजीबद्ध किये जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। अतएव बालकृष्ण चौहान, सहायक संचालक (सर्वे) एवं नीलेश्वर कुमार ध्रुव, सहायक मानचित्रकार, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में मूलभूत नियम के अंतर्गत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। निलंबन अवधि में बालकृष्ण चौहान, सहायक संचालक (सर्वे) एवं नीलेश्वर कुमार ध्रुव, सहायक मानचित्रकार का मुख्यालय, कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, बिलासपुर निर्धारित किया जाता है।

आवश्कता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789

## गेस्ट्रोइन्टेरोलॉजिस्ट और लिवर हेल्थ पर राष्ट्रीय सम्मेलन

**रायपुर 18 मई।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर व एपीआई छत्तीसगढ़ चेप्टर संयुक्त रूप से मिलकर गेस्ट्रोइन्टेरोलॉजिस्ट और लिवर हेल्थ 18-19 मई को दो दिन का राष्ट्रीय सम्मेलन राजधानी रायपुर के होटल बेबीलॉन केपिटल में कर रहे हैं। डॉ. संदीप दवे ने बताया कि इसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडीसा से करीब 500 डाक्टर्स हिस्सा ले रहे हैं। दो दिन में करीब चालीस विषयों पर व्याख्यान होंगे। न केवल छत्तीसगढ बल्कि मध्यभारत के चिकित्सकों व आम लोगों के मध्य जनजागरूकता को लेकर यह राष्ट्रीय सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा। चूंकि देश के जाने माने विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे और वे आधुनिकत्तम तकनीक और दवाओं से अवगत करायेंगे। सभी डॉक्टर्स एक दूसरे से जानकारी साझा करेंगे, मध्यभारत के 5 सौ डाक्टर्स लेंगे हिस्सा,चालीस व्याख्यान से जानकारी करेंगे साझा। गौरतलब है कि रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल समय-समय पर जन जागरूकता को लेकर इस प्रकार के सम्मेलन करते रहते हैं। डॉ. संदीप पाण्डे ने जानकारी दी कि हमारे प्रदेश छत्तीसगढ़ में भी अब एडवांस एंडोस्कोपी और लिवर प्रत्यारोपण जैसी आधुनिकत्तम सुविधाएं उपलब्ध है। डॉ. ललित निहाल पित्त नली की पथरी का इलाज व आमाशय से होने वाले रक्त स्राव से संबंधित संपूर्ण इलाज भी अब एडवांस एंडोस्कोपी से संभव है। मोटापे को कम करने के लिए अब बगैर आपरेशन एंडोस्कोपी से पेट को छोटा किया जा सकता है। फैटी लिवर के जमाव को किसी भी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए क्योकि आगे जाकर यह लिवर सिरोसिस और कैंसर का रूप ले सकता है। इसलिए समय रहते पूरा इलाज करायें। फाइब्रोस्कैन द्वारा लीवर के डेमेज होने की प्रारंभिक अवस्था में ही पता लगाया जा सकता है। इन्ही सब विषयों को लेकर दो दिवसीय आयोजित सम्मेलन में विस्तृत चर्चा होगी।



इस कांफ्रेंस में देश के जाने माने डॉक्टर्स अपना व्याख्यान देंगे। इनमें नई दिल्ली से डॉ. एस.के. आचार्य, भोपाल से डॉ. सीसी चैबल, मुंबई से डॉ. आकाश शुक्ला, हैदराबाद से डॉ. राजेश गुप्ता, अहमदाबाद से डॉ. महेंद्र नरवारिया, नागपुर से डॉ. श्रीकांत मुकेवार प्रमुख है।

इसके साथ स्नातकोत्तर विद्यार्थी के लिए शिक्षा कार्यक्रम होंगे। इस कार्यक्रम के तत्वावधान में अंग दान के प्रति समाज में जागरुकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। डॉ. अब्दुन नईम और डॉ. अजीत मिश्रा लिवर प्रत्यारोपण एवं रायपुर में अंग दान के सफल प्रयास के विषय में व्याख्यान देंगे। जैसा कि आपको विदित हैं कि रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में कुल 28 और जिसमें 24 लीवर जीवित व्यक्तियों द्वारा और 4 मृत व्यक्तियों के द्वारा प्रदान किया गया है। सभी शत प्रतिशत स्वस्थ हैं और छत्तीसगढ़ के डाक्टर्स इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

इस सम्मेलन में रामकृष्ण केयर अस्पताल के डॉक्टर्स डॉ. संदीप दवे (मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर), डॉ. संदीप पाण्डे, डॉ. अब्बास नकवी, डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर, डॉ. ललित निहाल एवं डॉ. अजीत मिश्रा अपने-अपने अनुभव साझा करेंगे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26